

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 168 रांची, सोमवार, 01 जून, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 01, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,

email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## संक्षिप्त

### दिल्ली में पांच मंजिला इमारत ढही, चार की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के साकेत मेट्रो स्टेशन के समीप सैदुल्लाजाब क्षेत्र में शनिवार शाम एक पांच मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, यह हादसा शनिवार शाम करीब 7:45 बजे हुआ। इमारत गिरकर नीचे स्थित टिन शेड वाली कैंटीन पर आ गिरी, जहां उस समय कई लोग भोजन कर रहे थे। अचानक हुए हादसे में कई लोग मलबे के नीचे दब गए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), दिल्ली पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) और नगर निगम की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। अब तक 13 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बंद कर दी गई है।

### तकनीकी खराबी से चार घंटे तक वाराणसी में खड़ी रही वंदे भारत एक्सप्रेस

**वाराणस।** बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस रविवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण वाराणसी जंक्शन (कैंट रेलवे स्टेशन) के समीप लगभग चार घंटे तक खड़ी रही। इसकी वजह से ट्रेन का संचालन प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। रेलवे की तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंच मरम्मत कार्य करने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना की गई। जानकारी के अनुसार मंडुवाडीह स्थित बनारस रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस निर्धारित समय पर सुबह 5:15 बजे खजुराहो के लिए रवाना हुई थी।

### आईपीएस राजीव कृष्ण उत्तर प्रदेश के पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगभग चार साल बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल गया है। राज्य सरकार ने 1991 बैच के आईपीएस और वर्तमान के कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण को उत्तर प्रदेश का पूर्णकालिक डीजीपी नियुक्त कर दिया है। इस आशय का आदेश रविवार शाम को अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से जारी कर दिया गया। दरअसल 11 मई 2022 को राज्य सरकार ने तत्कालीन डीजीपी मुकुल गोयल को उनके पद से हटा दिया था। इसके बाद प्रदेश में कार्यवाहक डीजीपी ही बनाए जा रहे थे। इसको लेकर लगातार विपक्षी दल योगी सरकार को घेर रही थी।

### पिछले 12 वर्षों के तकनीकी बदलाव ने विकसित भारत की नींव रखी : डॉ. जितेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक कार्यक्रम में कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में हुए तकनीकी परिवर्तन ने साल 2047 के विकसित भारत की मजबूत नींव रख दी है। इस अवधि में भारत तकनीक का अनुसरण करने वाले देश से आगे बढ़कर तकनीक का नेतृत्व करने वाला देश बन गया है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को नीति निर्माण के केंद्र में रखा गया है। इससे न केवल नवाचार को बढ़ावा मिला है बल्कि अनुसंधान और विकास को भी नई गति मिली है।

### पश्चिम बंगाल में आज होगा मंत्रिमंडल विस्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के पूर्ण मंत्रिमंडल का गठन सोमवार को होने जा रहा है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को इसकी घोषणा करते हुए बताया कि मंत्रिमंडल विस्तार के तहत 35 नए मंत्री शपथ ग्रहण करेंगे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी संदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता के जनादेश से बनी सरकार का पूर्ण मंत्रिमंडल सोमवार को आकार लेगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे लोक भवन में आयोजित समारोह में 35 मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल आरएन रवि उन्हें शपथ दिलाएंगे। गौरतलब है कि, चार मई को हुए सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार राज्य में भाजपा की सरकार बनी थी।

# आईपीएल 2026 : लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी आरसीबी

## गुजरात को पांच विकेट से हराकर खिताब रखा बरकरार, विराट कोहली ने खेली नाबाद 75 रन की पारी, रसिख ने झटके तीन विकेट

एजेंसी



**अहमदाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। जीत के नायक विराट कोहली रहे, जिन्होंने नाबाद 75 रन की शानदार पारी खेलते हुए विजयी छक्का लगाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी बेंगलुरु की टीम ने गुजरात को निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन के स्कोर पर रोक दिया। गुजरात की शुरूआत खराब रही। कप्तान शुभमन गिल 10 रन, साई सुदर्शन 12 रन और निशांत सिंधु 20 रन बनाकर आउट हो गए। जोस बटलर भी 19 रन से आगे नहीं बढ़ सके। मध्यक्रम के लड़खड़ाने के बीच वॉशिंगटन सुंदर ने संघर्षपूर्ण अर्धशतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 50 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। बेंगलुरु की ओर से रसिख सलाम डार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए। जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार ने दो-दो विकेट झटके, जबकि क्रुणाल पंड्या को एक सफलता मिली। 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेंगलुरु ने संयमित बल्लेबाजी की। विराट कोहली ने नाबाद 75 रन की मैच विजयी पारी खेली और टीम को 18 ओवर में 5 विकेट खोकर 161 रन तक पहुंचा दिया। उनकी शानदार बल्लेबाजी के दम पर बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।

### वैभव सूर्यवंशी ने जीती ऑरेंज कैप, रबाडा को पर्पल कैप

राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। वैभव ने पूरे सत्र में 16 मैचों में 237.31 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 776 रन बनाए। सीजन के दौरान उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए तथा अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दर्शकों और क्रिकेट विशेषज्ञों को प्रभावित किया। उनकी शानदार पारियों ने राजस्थान रॉयल्स को कई महत्वपूर्ण मुकाबलों में मजबूती प्रदान की।

**कगिसो रबाडा बने पर्पल कैप विजेता :** गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने आईपीएल 2026 में सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की। रबाडा ने पूरे सत्र में शानदार गेंदबाजी करते हुए 29 विकेट हासिल किए और अपनी टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। यह सत्र रबाडा के लिए कई मायनों में खास रहा। इसी दौरान उन्होंने अपने आईपीएल करियर के 100 मैच भी पूरे किए। उनकी सटीक और प्रभावी गेंदबाजी ने उन्हें इस सीजन का सबसे सफल गेंदबाज बना दिया।

**मन की बात :** प्रधानमंत्री ने भारतीय एथलेटिक्स की उपलब्धियों को सराहा, बोले -

# गुरिंदरवीर-अनिमेष की जोड़ी ने बनाया नया कीर्तिमान

**पीएम मोदी ने नीदरलैंड से लौटीं 1000 वर्ष पुरानी चोलकालीन ताम्रपट्टिकाओं का किया जिक्र**

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**नई दिल्ली/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 134वें एपिसोड की शुरुआत झारखंड की राजधानी रांची से की। राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को लेकर प्रधानमंत्री ने दो एथलीटों की सराहना की। मई के अंतिम रविवार को प्रसारित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने रांची में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का जिक्र करते हुए कहा कि दो दिनों में 100 मीटर दौड़ में तीन बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने। उन्होंने युवा धावकों गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर की विशेष रूप से सराहना की। गुरिंदरवीर सिंह ने रांची में आयोजित फेडरेशन कप सीनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 10.09 सेकेंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और देश के सबसे तेज धावक बने। प्रधानमंत्री ने कहा, आप दोनों ने बहुत बड़ा कमाल किया है। सिर्फ दो दिनों के भीतर तीन बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना असाधारण उपलब्धि है। आपकी जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा कि अब तक लोग संगीत में जुगलबंदी देखते आए हैं, लेकिन खेलों में इस तरह की जुगलबंदी दुर्लभ है, जहां एक खिलाड़ी चुनौती देता है और दूसरा उसे पार कर जाता है, फिर दोनों मिलकर नए कीर्तिमान स्थापित करते हैं। प्रधानमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि देश के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी और भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भीषण गर्मी और हीटवेव के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश हिस्सों में इस समय तेज गर्मी पड़ रही है और लोगों को पर्याप्त पानी पीने, धूप में निकलते समय सतर्क रहने तथा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है।

### पीएम ने आम उत्पादक किसानों की प्रशंसा की

प्रधानमंत्री ने आम के मौसम का उल्लेख करते हुए देश के विभिन्न क्षेत्रों में मिलने वाली आम की विविध प्रजातियों की चर्चा की। उन्होंने महाराष्ट्र के हापुस और अल्फांसो, गुजरात के केसर, उत्तर प्रदेश के दशहरी और लंगड़ा, दक्षिण भारत के बंगनपल्ली, तोतापुरी, नीलम तथा पश्चिम बंगाल के हिमसागर आम का जिक्र किया। उन्होंने आम उत्पादक किसानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय आम अब वैश्विक बाजारों में भी अपनी पहचान बना रहा है।




### नीदरलैंड यात्रा का किया उल्लेख

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड की अपनी हालिया यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वहां से चोल काल की 1000 वर्ष से अधिक पुरानी 24 ताम्रपट्टिकाएं भारत को वापस सौंपी गई हैं। इनमें 21 बड़ी और तीन छोटी ताम्रपट्टिकाएं शामिल हैं। इन अभिलेखों में राजा राजेंद्र चोल प्रथम द्वारा अपने पिता राजा राजराजा चोल के वचन को पूरा करने तथा एक बौद्ध विहार को भूमि दान देने का उल्लेख मिलता है। विशेषज्ञों के अनुसार ये ताम्रपट्टिकाएं उस काल की शासन व्यवस्था, धर्म और संस्कृति के अध्ययन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# हेमंत सरकार का मास्टर प्लान, झारखंड में सड़क नेटवर्क को मिलेगा नया विस्तार

## राज्य के किसी भी कोने से छह घंटे में रांची पहुंच सकेंगे लोग

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने राज्य के सड़क नेटवर्क को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के सभी जिलों और प्रमुख क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ना है, ताकि झारखंड के किसी भी हिस्से से लोग अधिकतम छह घंटे के भीतर राजधानी रांची पहुंच सकें। सरकार का प्रयास झारखंड में सड़क घनत्व और राष्ट्रीय मानकों के बीच मौजूद अंतर को कम करना है। इसके तहत राजकीय राजमार्गों और मुख्य जिला सड़कों के नेटवर्क का विस्तार कर उन्हें राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

**परिचालन और लॉजिस्टिक्स लागत में होगी कमी :** योजना के अनुसार, सभी जिला मुख्यालयों को रांची से छह घंटे की यात्रा अवधि के भीतर जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके पूरा होने से वाहनों की परिचालन लागत में कमी आएगी तथा माल परिवहन और लॉजिस्टिक्स लागत में लगभग 10 प्रतिशत तक की गिरावट आने की संभावना है। साथ ही औद्योगिक, खनिज और पर्यटन क्षेत्रों तक बेहतर संपर्क स्थापित होगा। बढ़ते शहरी यातायात को देखते हुए फ्लाईओवर, एलिवेटेड कॉरिडोर, ग्रेड सेपरेटर तथा अन्य आधुनिक इंजीनियरिंग परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से शहरों में जाम की समस्या कम होगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु बनेगी। मानसून के दौरान जलजमाव और क्षति की समस्या से निपटने के लिए क्षतिग्रस्त और संकीर्ण पुलों को उच्च स्तरीय पुलों में परिवर्तित किया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे के सहयोग से राज्य में सभी लेवल क्रॉसिंग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए सड़क ऊपरी पुल और सड़क अंडरपास का निर्माण कराया जा रहा है।



### सभी प्रमुख सड़कों को बनाया जाएगा दो लेन

**पथ** निर्माण विभाग द्वारा सभी मौजूदा राजकीय राजमार्गों और मुख्य जिला सड़कों को न्यूनतम दो लेन अथवा दो लेन पक्के कंधे वाली सड़कों में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इससे आवागमन सुगम होगा और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

### सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर

**सड़क** सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बीम क्रैश बैरियर, सौर ऊर्जा संचालित चेतावनी संकेतक और उच्च गुणवत्ता वाले परावर्तक संकेतकों की स्थापना की जा रही है। वहीं, राज्य के सीमित बजट को ध्यान में रखते हुए निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए मिश्रित वित्तपोषण मॉडल भी अपनाया जा रहा है। सरकार का मानना है कि इस महत्वाकांक्षी योजना के पूरा होने से झारखंड में आवागमन आसान होगा, आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और राज्य के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

# अभिषेक बनर्जी पर हमले की मुख्यमंत्री हेमंत ने की निंदा

**कहा- लोकतंत्र में हिंसा और बल प्रयोग के लिए कोई स्थान नहीं, दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई**

प्रात: नागपुरी संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा और राजनीतिक हमलों के लिए कोई स्थान नहीं है तथा घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुआ हमला अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन राजनीतिक असहमति का जवाब हिंसा या बल प्रयोग से नहीं दिया जा सकता। हेमंत सोरेन ने कहा कि राजनीतिक विरोध का सामना तर्क, संवाद और जनमत के माध्यम से किया जाना चाहिए, न कि भय और हिंसा के जरिए।

# टीएमसी के एक और बड़े नेता पर हमला

**अभिषेक के बाद हुगली में सांसद कल्याण बनर्जी पर किया गया हमला**

**भाजपा ने हमले को बताया ड्रामा, टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नारेबाजी**

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में स्थित चंडीतला पुलिस स्टेशन के बाहर रविवार को राजनीतिक तनाव उस समय बढ़ गया, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बनर्जी ने हमला होने और सिर पर चोट आने की बात कही। सांसद का दावा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से उन पर पत्थर या किसी भारी बॉल जैसी अन्य वस्तु से हमला किया गया, जिससे उनके सिर में चोट आई है। वहीं भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक ड्रामा करार दिया है। जानकारी के अनुसार, कल्याण बनर्जी टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी पर कथित हमले के विरोध में तथा गिरफ्तार पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर चंडीतला थाने में ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में टीएमसी समर्थक भी उनके साथ मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ज्ञापन सौंपने से पहले ही थाने के बाहर टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच नारेबाजी शुरू हो गई। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।

# पर्यटकों से भरी कार चंबा की खाई में गिरी, 8 की मौत

एजेंसी



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहाँ चुराह उपमंडल में बैरागढ़-साच पास-किलाड़ मार्ग पर पर्यटकों से भरी एक एर्टिगा कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस भीषण सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ के दो परिवारों के सात सदस्यों समेत कुल आठ लोगों की मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना 29 मई की आधी रात को घटित हुई। हादसे के बाद से ही कार में सवार सभी लोग लापता थे और उनके बचने की उम्मीद न के बराबर थी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा मौके पर सघन खोज से पता चला की 8 की मौत हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखने वाले दो परिवारों के सात लोग हिमाचल प्रदेश में छुट्टियां बिताने और घूमने के लिए आए थे। ये सभी पर्यटक चंबा जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी के एक होटल में ठहरे हुए थे।

# जनरल एनएस राजा सुब्रमणि बने देश के नए सीडीएस, संभाला कार्यभार

## कहा- सशस्त्र बलों में बदलाव के लिए संगठनात्मक सुधार पर मुख्य फोकस होगा

**थिएटर कमांड लागू करना होगी सबसे बड़ी चुनौती, पाकिस्तान-चीन मामलों के जानकार माने जाते हैं नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** देश के नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने रविवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। दक्षिण ब्लॉक लॉन्स में आयोजित समारोह में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वह भारत के तीसरे सीडीएस बने हैं और उन्होंने जनरल अनिल चौहान का स्थान लिया है, जो शनिवार को सेवानिवृत्त हुए थे। पदभार संभालने के बाद जनरल सुब्रमणि ने कहा कि भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना, रक्षा मंत्रालय तथा अन्य सभी संबंधित संस्थान देश की सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह एकजुट हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में स्वदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों के विकास, खरीद तथा उपयोग की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा। साथ ही आधुनिक युद्ध की चुनौतियों को देखते हुए सेना में नई सोच और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।

रक्षा मामलों के जानकार जनरल सुब्रमणि को चीन और पाकिस्तान से जुड़े सामरिक विषयों का विशेषज्ञ माना जाता है। ऐसे समय में उनकी नियुक्ति हुई है जब भारत अपनी सैन्य संरचना में बड़े बदलावों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उनके सामने सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी तीनों सेनाओं के लिए प्रस्तावित थिएटर कमांड व्यवस्था को लागू करने की होगी। दरअसल, हाल ही में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया था कि थिएटर कमांड मॉडल को लेकर तैयार की गई विस्तृत रिपोर्ट रक्षा मंत्री को सौंप दी गई है और विभिन्न स्तरों पर उसका परीक्षण चल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि अगले दो से तीन वर्षों में यह व्यवस्था जमीन पर दिखाई देने लगेगी। वर्तमान में भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की कुल 17 अलग-अलग कमांड हैं। किसी भी सैन्य अभियान के दौरान तीनों सेनाएं आपसी समन्वय से काम करती हैं, लेकिन उनकी कमान अलग-अलग अधिकारियों के हाथ में रहती है।

### 27वें नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कार्यभार संभाला



**ऑपरेशनल तैयारी और लड़ाई में असरदार होने का सबसे ऊंचा स्तर बनाने का आह्वान**

**नई दिल्ली।** देश के 27वें नौसेना प्रमुख के तौर पर एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि वे अपनी जिन्दगी का हर दिन नौसेना को बेहतर, मजबूत, तेज और ज्यादा असरदार बनाने में लगाएंगे, ताकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, राष्ट्रीय विकास के हितों की सेवा कर सके। उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी कि भारतीय नौसेना ऑपरेशनल तैयारी और लड़ाई में असरदार होने का सबसे ऊंचा लेवल बनाए रखे, ताकि वह देश की सुरक्षा और आर्थिक हितों की रक्षा कर सके। उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि भारतीय नौसेना संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिस पर मेरा मुख्य फोकस होगा।

# सीआईपी की जमीन पर हो रहा अतिक्रमण और अवैध निर्माण

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** कांके स्थित केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी) की परिसीमा के चारों ओर संस्थान द्वारा लगभग 40-50 फीट भूमि सुरक्षा एवं रख-रखाव के उद्देश्य से छोड़ी गई है। इस भूमि पर संस्थान द्वारा बाउंड्री के किनारे-किनारे सड़क एवं जल निकासी के लिए नाली का निर्माण भी कराया गया था। संस्थान के अनुसार हाल ही में यह पाया गया है कि संस्थान के उत्तर-पूर्वी कोने की ओर एक ठेकेदार द्वारा बिना किसी पूर्व अनुमति के संस्थान की सड़क को आंशिक रूप से काटकर और नष्ट कर सार्वजनिक नाले को सीआईपी के नाले से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में सीआईपी की निर्मित सड़क एवं नाली को क्षति पहुंचाई गई है। सस्थाकन के अनुसार सीआईपी का नाला संस्थान की अपनी भूमि में खुलता है, जबकि सार्वजनिक नाला जुड़ जाने से सीवेज एवं गंदा पानी संस्थान की भूमि में प्रवाहित होगा। इससे स्वच्छता, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, जिस 40-50 फीट भूमि को संस्थान ने अपनी परिसीमा के बाहर सुरक्षित रखा था। उस क्षेत्र में स्थानीय लोगों द्वारा सड़क खोदकर सीवेज लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उक्त भूमि के अधिकांश हिस्से पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जो स्पष्ट रूप से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाती हैं, बल्कि यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित करती हैं। संस्थान की भूमि को निरंतर सिकोड़ने का कार्य कर रही हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की घटनाएं पूर्व में भी घटित हो चुकी हैं, जिनकी सूचना संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को समय-समय पर दी गई थी। अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण पुनः अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण की गतिविधियां जारी हैं।

# रामगढ़ में तीन स्थानों पर जलमीनार मरम्मत योजना का हुआ शिलान्यास

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में रविवार को तीन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। ये सभी योजनाएं जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से संचालित जलमीनारों की मरम्मत से संबंधित हैं। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजमल हुसैन ने बताया कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 06 गिरि मुहल्ला, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 स्थित बाबा संघ मैदान तथा रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 महली चंडी एवं वार्ड नंबर 14 साईं मंदिर के पास स्थित जलमीनारों की मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया गया। उपायुक्त ऋतुराज के निर्देश पर डीएमएफटी मद से इन योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि मांडू विधानसभा के वार्ड नंबर 06 गिरि मुहल्ला में विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने शिलान्यास किया। वहीं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 बाबा संघ मैदान में स्थित जलमीनार की मरम्मत कार्य का शिलान्यास विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया, जबकि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 महली चंडी और वार्ड नंबर 14 साईं मंदिर के पास जलमीनार मरम्मत कार्य का शिलान्यास विधायक ममता देवी और सांसद प्रतिनिधि राजीव कुमार जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया।

## संक्षिप्त

### राहे का सुसारी पर्व प्रारंभ, आज लोटन



**राहे।** पांच परगना के प्रसिद्ध सुसारी पर्व राहे में प्रारंभ हो गया है। नौ दिवसीय पर्व का आयोजन सोलह आना समिति के द्वारा किया जाता है। सोमवार शाम को सुसारी और भोक्ता समूह लोटन अनुष्ठान को संपन्न करेंगे। बुधवार को दुर्गा घट,गुरुवार रात काली घट ओर जागरण होगा। भोक्ता समूह गांव के हर आंगन में पहुंच कर शिव पूजन कर रहे है।

### तृत्व पर्व पर 154 दीक्षार्थियों ने ग्रहण किया दृढ़ीकरण संस्कार



**खूंटी।** संत मिखाएल महागिरजाघर में रविवार को पवित्र तृत्व पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अनुष्ठाता बिशप विनय कंडुलना ने मिस्सा बलिदान संपन्न कराया और 154 प्रशिक्षित दीक्षार्थियों को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार प्रदान करते हुए पवित्र आत्मा की मुहर से अभिषेक किया। मौके पर अपने संदेश में बिशप विनय कंडुलना ने कहा कि पवित्र तृत्व का पर्व कोई मात्र घटना नहीं, बल्कि ईसाई विश्वास का केंद्र है। उन्होंने कहा कि एक ही ईश्वर में पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा तीनों विद्यमान हैं। हम प्रत्येक कार्य की शुरूआत क्रूस का चिन्ह बनाकर करते हैं और इसी पहचान में जीवन जीने के लिए बुलाए गए हैं।

### टेक्निकल सेल की टीम पहुंची रामपुर, घटनास्थल का किया निरीक्षण

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत रामपुर निवासी सविता देवी के घर रविवार को रांची से टेक्निकल सेल टीम पहुंचे एवं घटना स्थल का निरीक्षण किया। ज्ञात हो पिछले 29 मई को उनके घर पर आज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़ के घर में रखे लगभग 1 लाख रुपए के आभूषण तथा कपड़े की चोरी कर ली है। सिल्ली पुलिस लगातार मामले की छानबीन कर रही है।थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया जल्द ही आरोपी हिरासत में होंगे।

# मुंडारी साहित्य के संवर्धन को लेकर विचार-मंथन, भाषा को रोजगार और वैश्विक पहचान से जोड़ने पर बल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि





**रांची।** रविवार को रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा अखड़ा में मुंडारी विभाग द्वारा मुंडारी साहित्य परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मुंडारी भाषा, साहित्य, संस्कृति तथा उसके संरक्षण एवं संवर्धन के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श करना था। परिचर्चा में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा साहित्यकारों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंडारी विभाग के शोधार्थियों द्वारा पारंपरिक गोवारी एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. बिरेन्द्र कुमार सोय ने सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुंडा के समय विभाग में नियमित रूप से विचार गोष्ठी, संगोष्ठी एवं सेमिनार आयोजित होते थे, जिनके माध्यम से साहित्य सृजन और भाषा के विकास की कार्ययोजनाएँ तैयार की जाती थीं। उन्होंने कहा कि ऐसी परिचर्चाएँ भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं तथा इन्हें निरंतर जारी रखा जाना चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ. किशोर सुरीन ने मुंडारी विभाग की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की विकास यात्रा का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए शोध और प्रकाशन कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. सत्यनारायण मुंडा, पूर्व कुलपति एवं डीएसपीएमयू, रांची ने कहा कि मुंडारी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि समृद्ध संस्कृति और ज्ञान परंपरा की वाहक है। उन्होंने कहा कि मुंडारी भाषा का प्रत्येक शब्द वैज्ञानिकता और गहन अर्थों से परिपूर्ण है। आवश्यकता इस बात की है कि इसके अध्ययन, अनुसंधान और प्रचार-प्रसार को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जाए। वरिष्ठ साहित्यकार सोमा सिंह मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि भाषा और साहित्य को जीवंत बनाए रखने के लिए पढ़ना और लिखना दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का है और मुंडारी भाषा पर भी तकनीकी स्तर पर कार्य हो रहा है, जिससे भविष्य में इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त हो सकती है। वहीं एतवा मुंडा ने भाषा के माध्यम से रोजगार सृजन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि भाषा को शिक्षा, तकनीक और रोजगार से जोड़ा जाए तो युवाओं की रुचि भी बढ़ेगी और भाषा का भविष्य अधिक सुरक्षित होगा। मुंडारी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष मनय मुंडा ने कहा कि भाषा का विकास सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

उन्होंने समाज, शिक्षकों और विद्यार्थियों को मिलकर भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करने का आह्वान किया। डॉ. मनसिद्ध बड़ायउद ने कहा कि मुंडारी भाषा के सभी शिक्षकों और शोधकताओं को साहित्य सृजन एवं शोध कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। परिचर्चा के दौरान शोधार्थियों और विद्यार्थियों के बीच पारंपरिक नामों, कहानियों और लोकज्ञान से जुड़े प्रश्नोत्तर भी आयोजित किए गए, जिसे प्रतिभागियों ने अत्यंत रुचिकर और ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजीत मुंडा एवं जुरा होरो ने संयुक्त रूप से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. करम सिंह मुंडा ने प्रस्तुत किया।

# न्यायालय के रोक के बाद भी नहीं रुक रहा है निर्माण कार्य, शिकायत लेकर पहुंचे थाना



**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली पतराहातू मार्ग हाजाम गांव में न्यायालय के रोक के बाद भी जमीन पर नहीं रुक रहा है। निर्माण कार्य भुक्तभोगी शिकायत लेकर थाना पहुंचे। भुक्तभोगी पशुपतिनाथ भंडारी ने बताया थाना में शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य नहीं रख रहा है। सोमवार को पुलिस के वरीय पदाधिकारी से मिलकर मदद की गुहार लगाएंगे। उन्होंने बताया कि हजाम भूडकोरिया मोजा में मेरा पुश्तैनी जमीन खाता नंबर 166प्लोट न5855 मोजा हजाम भूडकोरिया है। मेरे साथ वीणा देवी नारायण भंडारी हरेलाल भंडारी के हिस्सा का है। परंतु मेरे चचेरे भाई शैलेश चंद, राकेश, राजेश अशोक कुमार घोष,गुड्डू कुमार,दिलीप कुमार घोष एवं उनके पूरे परिवार के द्वारा उक्त जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे हैं। इसकी शिकायत लेकर हमलोग न्यायालय पहुंचे। जहां न्यायालय द्वारा किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य का रोग लगा दी गई है इसके बावजूद मेरे चचेरे भाई एवं उनके पूरे परिवार निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### पेट्रोल-डीजल की मूल्यवृद्धि वापस लेने की मांग

**राहे।** भाकपा माले राहे इकाई के द्वारा रविवार को भगत सिंह चौक, सुभाष चौक से राहे बाजार तक पेट्रोल-डीजल ,रसोई गैस मूल्यवृद्धि के खिलाफ विरोध मार्च निकाला तथा प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।



पुतला दहन कार्यक्रम में रांची ग्रामीण जिला सचिव जगमोहन महतो ने कहा पेट्रोलियम पदार्थो का मूल्यवृद्धि व रसोई गैस की किल्लत मोदी सरकार के अमेरिकी-इजराइल परस्त आर्थिक-विदेश नीति का परिणाम है। ईरान-रूस हमारे स्वभाविक मित्रराष्ट्र रहे है। आज युद्ध के समय मित्रता निभाते तो ईंधन की किल्लत नहीं झेलनी पड़ती है। चुनाव से पहले आर्थिक संकट से इंकार कर रहे थे पर चार राज्यों के तुरंत बाद ईंधन इस्तेमाल में संयम बरतने, सोना कम खरीदने व विदेश यात्रा नहीं करने की सलाह और चार बार पेट्रोल-डीजल में लगभग 8 रुपये की वृद्धि गहरे आर्थिक संकट को दशार्ता है। और आर्थिक संकट का बोझ महंगाई के जरिए आम जनता पर डाला पर डालकर कंपनियों का बेतहासा मुनाफा और सरकारी खजाने को भरा जा रहा है। संतोष मुंडा ने कहा भारत का प्रतिव्यक्ति आय बांग्लादेश से नीचे आ गया है। सोना का भंडार, विदेश मुद्रा स्टॉक कम हो गया है। डॉलर के मुकाबले रुपी गिरता जा रहा है। पूंजीपतियों के लोन नहीं चुकाने की बजह से यह संकट आया है। और ऊपर से पेट्रोलियम पदार्थो की मूल्यवृद्धि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाएगी जिससे देश का आर्थिक संकट गहरा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दामोदर प्रजापति, दिलीप मांझी, डोमन सिंह मुंडा, राजकिशोर मुंडा, रामेश्वर मुंडा, ठाकुरा मुंडा, राजू मुंडा, कालीपद मुंडा, पूर्णचंद्र मुंडा, महावीर मुंडा, घासीराम मुंडा, वाणेश्वर मांझी, जीतमोहन मुंडा, जगरनाथ मुंडा, दुर्योधन मुंडा, राकेश मुंडा, विष्णुचरण मुंडा व सूर्यमोहन मुंडा मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त संग्रहित

**खूंटी।** मारवाड़ी युवा मंच, खूंटी नगर शाखा की ओर से रविवार को राजस्थान भवन में रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर रक्तदान किया तथा स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के पदाधिकारियों, सदस्यों, पूर्व अध्यक्षों, रांची ऑर्किड हॉस्पिटल और सदर अस्पताल खूंटी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के उत्साहपूर्ण सहयोग से कुल 42 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान समाज के प्रति एक महत्वपूर्ण योगदान है।

# कई युवाओं ने ग्रहण की जेएलकेएम की सदस्यता

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की ओर से रविवार को खूंटी प्रखंड के हुटार चौक के समीप सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन बीरेन्द्र लुगुन एवं सुरेश टोपनो ने संयुक्त रूप से किया, जबकि अभियान का नेतृत्व अर्पित संगा ने किया। सभा की अध्यक्षता विश्वकर्मा उरांव और हरेन्द्र सिंह ने की। अभियान के दौरान जेएलकेएम के जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जयराम महतो के नेतृत्व में जेएलकेएम सभी जाति, समुदाय और युवाओं की आवाज बनकर उभर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी समाज के हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। वक्ताओं ने युवाओं से सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए रक्तदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# पुलिसकर्मियों ने तंबाकू सेवन नहीं करने की ली शपथ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रामगढ़ एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। इस मौके पर सभी थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी, थानों में प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों ने धूम्रपान और तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली। साथ ही अपने परिवार एवं परिचितों को भी धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद का सेवन न करने के लिए प्रेरित करने का शपथ लिया। एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बताया कि सभी थाना परिसर और ओपी परिसर में शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि सभी थानों को तंबाकू निषेध क्षेत्र घोषित किया गया है। पुलिस कार्यालय, थाना, ओपी और टीओपी में कोई भी व्यक्ति तंबाकू का सेवन नहीं करेगा।

# इटकी के शनि उरांव नये बारह पड़हा राजा घोषित, आदिवासी सरना समाज ने किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**इटकी।** इटकी झखरा सरना स्थल परिसर में रविवार को आयोजित सभा में आदिवासी पारंपरिक रीति रिवाज के साथ शनि उरांव को नये बारह पड़हा राजा घोषित किये गये। इसके बाद मंच पर मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत ने नये पड़हा राजा शनि उरांव को फुल का माला और पगड़ी पहनाया और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर डा भगत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति के नियम से बंधें होते हैं। परंपरा से आज तक हम आदिवासी प्रकृतिक नियमों को निर्वाहन करते आ रहे है। पड़हा व्यवस्था आदिवासियों की एक अहम न्याययीक विरासत है। पड़हा के नियमों के दायरे में सामाजिक व्यवस्था संचालित होती है। जिसका अहम किरदार पड़हा राजा होते है। सभा में रामनारायण भगत,सुरेश उरांव,बीगा उरांव आनंद पहान, डब्बू क्रेरकेटा, प्रोफेसर मंगा उरांव,गोयंदा उरांव सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखते सस्कृतिक धरोहर की पहचान को बचा कर रखने का अह्वान किया। और बेड़ो में तीन जून को आयोजित पड़हा जतरा भारी संख्या में पहुंचने की अपील की गई।कार्यक्रम में एतवा भगत ,फगुआ पहान ,मंगरा पहान , सुरेश उरांव, राजकुमार तिर्की, बीजो उराव, साधना उरांव, आनंद पहान, जागे उरांव , धूचूवा उरांव, सूरज उरांव , विजय उरांव, सहित बारह पड़हा क्षेत्र के इटकी ,मल्टी, लद्दा, चौली, एडचोरो, कुंडी बारीडीह, बसिला, टुरुगुरू, रानीखटंगा सहित कई अन्य गांवों के पहान पनभरा, कोटवार, महतो पहान के अलावे सैकड़ों महिला पुरुष ने भाग लिया। सभा का संचालन सरना युवा क्लब के अध्यक्ष बीरा उरांव ने किया।

# रेंडो पतरातु गांव में 350 एकड़ में विकसित की गई स्मार्ट फार्मिंग परियोजना

**सीसीएल सीएमडी ने हाइटेक टेक्नोलॉजी और पॉलीहाउस का किया उद्घाटन**

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**कांके।** उन्नत कृषि परियोजना के अंतर्गत सीसीएल के सीएमडी नि?लेंदु कुमार सिंह ने रांची जिले के कांके प्रखंड के रेंडो पतरातु गांव का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना के तहत निर्मित पॉलीहाउस का उद्घाटन किया। उन्नत कृषि परियोजना के बुकलेट का विमोचन भी किया। सीएमडी ने परियोजना क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण कर किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक कृषि तकनीकों एवं नवाचारों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने गांव में स्थापित ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन, सॉइल मॉइस्चर सेंसर और ऑटोमेटेड इरिगेशन सिस्टम की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्नत कृषि परियोजना झारखंड की पहली आईओटी-सक्षम स्मार्ट फार्मिंग परियोजना है। यह लगभग 350 एकड़ क्षेत्र में विकसित की गई है। इस परियोजना के माध्यम से आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर किसानों को वैज्ञानिक एवं सटीक कृषि प्रबंधन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

श्री सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को मौसम, मिट्टी की नमी एवं सिंचाई संबंधी सटीक जानकारी प्राप्त हो रही है। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि और संसाधनों का बेहतर प्रबंधन संभव हो रहा है। उन्होंने उन्नत कृषि परियोजना को ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक आधारित कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर श्री सिंह ने पौधारोपण भी किया। किसानों और ग्रामीणों से संवाद कर परियोजना के प्रभाव एवं उनसे प्राप्त लाभों की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीसीएल के महाप्रबंधक एलएन शर्मा, महाप्रबंधक (सीएसआर) सिद्धार्थ शंकर लाल और प्रबंधक (सीएसआर) जॉन बोदरा उपस्थित थे। निधि समृद्धि फाउंडेशन की ओर से सूरज कुमार सिंहा, नमन कुमार, चंचल कच्छप मौजूद रहे। कार्यक्रम में उन्नत कृषि परियोजना से जुड़े स्मार्ट किसान सुखदेव उरांव, घुमेश्वर उरांव, सत्यनारायण उरांव सहित अन्य किसान भी उपस्थित थे।

# बंदियों को तंबाकू के दुष्प्रभाव और कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), खूंटी की ओर से रविवार को उप-कारागार में बंदियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन झालसा, रांची के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के मार्गदर्शन में सदर अस्पताल खूंटी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कमलेश बेहरा, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की सामाजिक कार्यकर्ता पूनम एक्का, सदर अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट वीर सिंह पूर्ति, विधिक सहायता बचाव परामर्शी सहायक अमरदीप कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक अजय मिश्रा तथा उप-कारागार की चिकित्सा टीम उपस्थित रही। मौके पर पूनम एक्का ने बंदियों को तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

# श्री रामलला पूजा समिति ने शुरू की दुर्गा पूजा की तैयारी

**स्वरवेद महामंदिर धाम की प्रतिकृति बनेगी आकर्षण का केंद्र**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** आगामी श्री दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री रामलला पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर के तीसरे तल के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों, संरक्षकों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक की शुरूआत समिति अध्यक्ष अशोक चौधरी ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं सदस्यों के स्वागत के साथ की। उन्होंने कहा कि समिति पिछले दो वर्षों से भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही है और इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण प्रस्तुत किया जाएगा।

समिति के महासचिव कुणाल अजमानी ने बताया कि आगामी 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव को इस बार और अधिक भव्य स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में समिति के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में वाराणसी स्थित स्वरवेद महामंदिर धाम का भ्रमण किया था। इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रांची जिला स्कूल मैदान में स्वरवेद महामंदिर धाम की भव्य प्रतिकृति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में समिति ने अपने प्रथम वर्ष में अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति तैयार की थी, जबकि वर्ष 2025 में गुजरात के भुज स्थित स्वामीनारायण मंदिर के स्वरूप को पूजा पंडाल के रूप में प्रस्तुत किया गया था। दोनों वर्षों में लाखों श्रद्धालुओं ने पंडाल का अवलोकन किया और समिति के प्रयासों की सराहना की।

अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि स्वरवेद महामंदिर धाम की प्रतिकृति का निर्माण एक बड़ी और चुनौतीपूर्ण परियोजना होगी। इसके निर्माण में लगभग 60 दिनों का समय लगेगा। इसलिए अगस्त माह में विधिवत भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति का प्रयास रहेगा कि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता, संस्कृति और भारतीय वास्तुकला का अद्भुत संगम देखने को मिले।

# झारखंड में 6 जून तक गर्जन और वज्रपात की चेतावनी

**मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आगामी 6 जून तक मौसम का मिजाज बदला रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में गर्जन, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, एक जून को राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात की संभावना है। वहीं दो, तीन और चार जून को उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तरी जिलों को छोड़कर राज्य के शेष भागों में गरज के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक, पांच जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी जिलों में तथा छह जून को उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में गर्जन और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों, खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों और आम नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। इधर, पिछले दो-तीन दिनों के दौरान हुई बारिश का असर तापमान पर भी स्पष्ट रूप से देखा गया है। राज्य के कई जिलों में तापमान में 8 से 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त

### अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने श्रीनगर पहुंची रांची की 21 सदस्यीय टीम



**रांची।** ताइक्वांडो संघ रांची जिला की 21 सदस्यीय टीम प्रथम प्रोफेशनल ताइक्वांडो फेडरेशन इंडिया ओपन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता-2026 में भाग लेने के लिए रविवार को श्रीनगर पहुंच गई। देश-विदेश के खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में रांची के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। रांची जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव मिथलेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 29 मई से दो जून तक श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारत सहित विभिन्न देशों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिससे इसका स्तर प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है।

### भाजपा के आरोप निराधार और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित : विनोद पांडेय

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव



विनोद कुमार पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राज्य सरकार पर लगाए जा रहे भ्रष्टाचार के आरोपों को निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, जिससे विपक्षी दलों में बेचैनी बढ़ी है और वे सरकार के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास, सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। इसके बावजूद भाजपा जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रही है और भ्रामक माहौल बनाने का प्रयास कर रही है।

# कविता के जरिए अभियान निदेशक ने दिया नशामुक्त झारखंड का संदेश

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की ओर से रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस-2026 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने धुएं से आजादी शीर्षक कविता प्रस्तुत कर तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया। युवाओं से नशामुक्त जीवनशैली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रतिवर्ष 35 से 40 हजार कैंसर मरीजों की पहचान होती है, जिनमें 40 से 45 प्रतिशत मरीज मुख कैंसर से प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन मुख कैंसर का प्रमुख कारण है और जागरूकता के माध्यम से इस चुनौती को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसके लिए होल ऑफ गवर्नमेंट और होल ऑफ सोसाइटी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में बताया गया कि राज्य के 1680 विद्यालयों में तंबाकू जागरूकता अभियान चलाया गया और विभिन्न विभागों के सहयोग से 282 प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इसके अलावा 2.08 लाख से अधिक लोगों की तंबाकू त्याग काउंसिलिंग और 43 हजार से अधिक लोगों को उपचार सहायता उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा नशामुक्ति के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी कर्मी और अन्य लोग मौजूद थे।

# चोरी के आभूषण के साथ चार गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** रांची जिला के सिकिदिरी थाना क्षेत्र में हुए जेवर दुकान में चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में अरमान अंसारी, फरहान अंसारी, एजाज शाह और हसनैन अंसारी शामिल है। चोरी के गहने भी पुलिस ने बरामद किए हैं। रांची के सिल्ली डीएसपी मनीष चन्द्र लाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि गत 27 मई को सिकिदिरी बस स्टैंड के पास हुंडरू फॉल मेन रोड पर स्थित दुकान सोनी ज्वेलर्स में गैस कटर मशीन से ताला काटकर चांदी के आभूषण चोरी कर ली गयी। दुकान मालिक शशिकांत ने मामले को लेकर अज्ञात के विरुद्ध सिकिदिरी थाना में मामला दर्ज कराया था।

मामले के अनुसंधान के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए तकनीकी अनुसंधान एवं विशेष सूचना के आधार पर मामले में चार आरापितों को पकड़ा। इनके निशानदेही पर दुकान से चोरी गए आभूषण और घटना में प्रयुक्त किये गए कार, गैस कटर मशीन, सिलेंडर एवं मोटरसाइकिल तथा आरोपितों के मोबाइल फोन बरामद किया गया है। मामले में शामिल एक आरोपित फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# रांची से लापता मां-बेटी बिहार के आरा से सकुशल बरामद, फिरौती कॉल की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा क्षेत्र से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुई मां-बेटी को पुलिस ने बिहार के आरा जिले से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों





के गायब होने के बाद परिजनों से एक लाख रुपये की फिरौती मांगे जाने के कारण मामला और अधिक गंभीर हो गया था। अब मां-बेटी के सुरक्षित मिलने के बाद पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कर रही है। दरअसल, झारखंड पुलिस में कार्यरत सुधीर कुमार सिंह की पत्नी सुनीता देवी और उनकी 19 वर्षीय बेटी काजल कुमारी शनिवार को अचानक लापता हो गई थीं। दोनों के एक साथ गायब होने से परिवार में चिंता का माहौल बन गया था। परिजनों ने उनकी तलाश के लिए पोस्टर भी जारी किए थे और लोगों से सूचना देने की अपील की थी। मामले को लेकर सुधीर कुमार सिंह ने धुर्वा थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शिकायत मिलते ही जांच शुरू कर दी और दोनों की तलाश के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए गए। इसी दौरान एक नया मोड़ तब आया, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर सुधीर कुमार सिंह और उनके बेटे से एक लाख रुपये की फिरौती की मांग की। लगातार आ रहे इन फोन कॉल्स ने मामले को अपहरण की आशंका से जोड़ दिया था। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर की तकनीकी जांच कर रही है, जिससे फिरौती की मांग की गई थी।

## मुक्ति संस्था ने 36 अज्ञात शवों का किया अंतिम संस्कार

**रांची।** मुक्ति संस्था ने जुमार नदी के तट पर 36 अज्ञात शवों का पूरे विधि विधान से रविवार को अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्य रिम्स के



मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर पैककर जुमार नदी के तट पर लेकर गए। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। श्री लोहिया ने बताया कि मुक्ति संस्था द्वारा अब तक कुल 2189 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। मौके पर संस्था के प्रवीण लोहिया, रवि अग्रवाल, संदीप पपनेजा, हरीश नागपाल, आरके गांधी, आदित्य शर्मा, सुमित अग्रवाल, राहुल चौधरी, सीताराम कौशिक, अरुण कुतरियार, संजय गोयल, उज्ज्वल जैन, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, सौरभ बथवाल, अमित अग्रवाल, विजय धानुका, राहुल जायसवाल, राजा गोयनका, पंकज मिढ़ा, कमल चौधरी, बलबीर जैन, मोती सिंह मौजूद थे।

## झारखंड से अंसारी/मोमिन समाज को राज्यसभा भेजने की मांग, कांग्रेस प्रभारी के. राजू से मिला प्रतिनिधिमंडल

रांची। ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के. राजू से राजकीय अतिथि शाला में मुलाकात कर राज्य में



मुसलमानों, विशेषकर अंसारी/मोमिन समाज की राजनीतिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने आगामी जून माह में होने वाले राज्यसभा चुनाव के संदर्भ में झारखंड से एक अंसारी/मोमिन नेता को राज्यसभा भेजने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि राज्य की मुस्लिम आबादी में अंसारी/मोमिन समुदाय की हिस्सेदारी लगभग 90 प्रतिशत है। ऐसे में ॅजिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत के अनुरूप इस समाज को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता फिरोज अहमद अंसारी, राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी तथा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी जैसे नेताओं के नामों पर विचार करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अंसारी/मोमिन समाज लंबे समय से कांग्रेस का परंपरागत समर्थक रहा है और पार्टी के प्रति उसकी निष्ठा बनी हुई है। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा मामले को पार्टी आलाकमान तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी, रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद, सनाउल्लाह अंसारी, यूनुस अहमद अंसारी, जसीम अंसारी, गफार अंसारी एवं आजाद अंसारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## तनवीर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र में हुए तनवीर अंसारी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है और वारदात में इस्तेमाल किए गए बुलेट के लोहे के लेग गार्ड को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, फिरदौस नगर मनीटोला निवासी खतीजा खातून की शिकायत पर 26 मई को डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि उनके पति तनवीर अंसारी के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। बाद में रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जिसके बाद मामला हत्या में बदल गया। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि तनवीर अंसारी और मुख्य आरोपित जावेद अख्तर के परिवारों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई बार कहासुनी और झगड़े की घटनाएं हो चुकी थीं।

# आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समिति का गठन



**सरना धर्म कोड पर आंदोलन तेज करने का निर्णय**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** विशुनपुर प्रखंड के होलोंग गांव में रविवार को आदिवासी छात्र संघ की बैठक राजू भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के इतिहास और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से 8 जुलाई 2000 को आदिवासी छात्र संघ का गठन किया गया था। बैठक में सरना धर्म कोड को जनगणना परिपत्र में शामिल करने की मांग दोहराई गई। वक्ताओं का कहना था कि अलग धर्म कोड नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में आदिवासियों को अन्य धर्म श्रेणियों में शामिल किया जाता है, जिससे आरक्षण और परिसीमन पर प्रभाव पड़ता है। इस मुद्दे पर आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वनवासी शब्द का विरोध करते हुए इसे आदिवासी पहचान के खिलाफ बताया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आदिवासी छात्र संघ विशुनपुर प्रखंड समिति का गठन किया गया। गुरुदेव उरांव को अध्यक्ष, करमचंद उरांव को उपाध्यक्ष, अरविंद उरांव को सचिव, राजू ताना भगत को कोषाध्यक्ष तथा विजय विलसन कच्छप को सह-कोषाध्यक्ष चुना गया।

# मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन मारवाड़ी ब्राह्मण भवन के सभागार में रविवार को किया गया। इसमें दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और एमबीए, इंजीनियरिंग, पीएचडी के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मीनित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे एवं विशिष्ट अतिथि रांची नगर निगम के उपमहापौर नीरज कुमार बबलू थे। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के 25 मेघावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यदुनाथ पाण्डे ने कहा कि दो जगह ईर्ष्या का भाव नहीं होता है। एक माता-पिता का बच्चे के साथ और दूसरा गुरु का शिष्य के साथ। शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पीता है वही दहाड़ता है।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक योगेश सारस्वत ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक मनीष शर्मा, दीपक शर्मा, धर्म चंद शर्मा का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम में मनोज बजाज, दयानंद शर्मा, रामगोपाल शर्मा, अमित सारस्वत, नथमल शर्मा, चेतन माटोलिया, ओम माटोलिया, अमित शर्मा, अरूण जोशी, राहुल शर्मा, सोमदत्त शर्मा, कमल शर्मा सहित समाज के अन्य महिला और पुरूष सदस्य उपस्थित थे।

# झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा संपन्न, आगामी सत्र की योजनाओं पर हुई चर्चा

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन (जेएफए) की वार्षिक आम सभा (एजीएम) रविवार को धुर्वा स्थित जेएससीए परिसर में आयोजित की गई। बैठक अध्यक्ष श्री अर्चित आनंद की अध्यक्षता में हुई। इसमें राज्य के विभिन्न जिला फेंसिंग संघों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्चित आनंद, उपाध्यक्ष श्री कुलवंत सिंह,महासचिव जय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के दौरान आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं एवं चैंपियनशिप की तिथियों और आयोजन स्थलों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा राज्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने तथा झारखंड में फेंसिंग खेल के समग्र विकास के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार करने पर भी सहमति बनी।

एजीएम में कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष संजय मोहन ठाकुर, उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, आशुतोष, विजय मिरोदा, कुलवंत सिंह, दिनेश कुमार सिंह तथा संयुक्त सचिव राकेश कुमार मिश्रा, अनिल बनस्टोरे, अनुप राजेश लकड़ा एवं रामाशीष सिंह मौजूद रहे। उपस्थित जिला प्रतिनिधियों में रामगढ़ जिला फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार, सचिव राकेश मिश्रा एवं उपाध्यक्ष विजय राय, हजारीबाग से अनुप राजेश लकड़ा, धनबाद से अनिल बाँसफोरे एवं विजय शंकर विश्वकर्मा सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल थे।

# परिसीमन आदिवासी राजनीतिक अस्तित्व और संवैधानिक अधिकारों का प्रश्न : बंधु तिर्की

## परिसीमन का आदिवासी समाज पर प्रभाव एवं संभावित समाधान विषय पर सेमिनार का आयोजन

**दो अगस्त को रांची में आदिवासी एकता महाजुटान रैली आयोजित करने का निर्णय**

**परिसीमन पर जनजातीय समाज की ड्राफ्टिंग कमेटी गठित**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** प्रस्तावित लोकसभा एवं विधानसभा परिसीमन को लेकर आदिवासी समाज की चिंताओं के बीच रविवार को रांची प्रेस क्लब में परिसीमन का आदिवासी समाज पर प्रभाव एवं संभावित समाधान विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में परिसीमन के कारण आदिवासी समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों में किसी भी प्रकार की कटौती का लोकतांत्रिक तरीके से पुरजोर विरोध किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि परिसीमन केवल निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्गठन का विषय नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संवैधानिक अधिकारों और पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। सेमिनार में वर्ष 2002 के परिसीमन प्रस्ताव और उसके खिलाफ हुए ऐतिहासिक आंदोलन का भी उल्लेख किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2008 में आरक्षित सीटों को वर्ष 2026 तक यथावत रखा गया था। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 2 अगस्त 2026 को रांची में ₹आदिवासी एकता महाजुटान रैली₹ आयोजित की जाएगी। साथ ही परिसीमन से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक ड्राफ्टिंग कमेटी का गठन किया गया। 17 जून को सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाने तथा दिल्ली में भी परिसीमन पर व्यापक विमर्श आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, दयामनी बारला, वासवी किड़ो, ग्लैडसन डुंगडुंग, शशि पन्ना, अनिल अमिताभ पन्ना, रमा खलखो समेत कई सामाजिक, राजनीतिक और बौद्धिक हस्तियां उपस्थित थीं।

# साहिल अमीन बने कोलकाता हाई कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2026 के विजेता

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** बंगाल टेनिस एसोसिएशन एंव साउथ क्लब कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2026 के पुरुष वर्ग का खिताब झारखण्ड के शीर्ष लॉन टेनिस खिलाड़ी साहिल अमीन ने जीत लीया है । फाइनल मुकाबले में साहिल ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के राहुल शर्मा को असान सेटों में 6-2, 10-8 से हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम कर लिया । शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए साहिल ने सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के ही अभिषेक दास को एकतरफा अंदाज में 6-0, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था । यह खिताब साहिल ने लगातार चौथी बार हासिल किया है। लगातार चार साल तक एक ही प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में अपना दबदबा बनाए रखना साहिल के कड़े परिश्रम, खेल के प्रति उनके समर्पण और उनकी बेजोड़ फिटनेस को दशार्ता है। कोर्ट पर उनकी फुर्ती और हर अंक के लिए लड़ने का जज्बा युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस शानदार और ऐतिहासिक जीत पर खेल प्रेमियों और खेल जगत की दिग्गज हस्तियों ने साहिल अमीन को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि वे आने वाले समय में देश और राज्य का नाम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पटल पर इसी तरह रोशन करते रहेंगे। इस टूनामेंट का आयोजन कोलकाता साऊथ क्लब में 23 मई से 31 मई तक किया गया था।

# पत्ता तोड़ने गए दंपति पर भालू ने किया हमला, पति गंभीर रूप से घायल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत बोंडोबार गांव स्थित हड़हा-मड़हा पहाड़ में रविवार दोपहर एक जंगली भालू के हमले से अफरा-तफरी मच गई। पत्ता तोड़ने गए एक दंपति पर अचानक भालू ने हमला कर दिया। इसमें पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी ने सूझबूझ दिखाते हुए अपनी जान बचाई।



जानकारी के अनुसार बोंडोबार निवासी कंदरू नगेसिया अपनी पत्नी बिफनी नगेसिया के साथ पहाड़ पर पत्ता तोड़ने गए थे। दोपहर करीब 1.30 बजे झाड़ियों में छिपा एक जंगली भालू अचानक उनके सामने आ गया और हमला कर दिया। भालू को सामने देख बिफनी नगेसिया पास में मौजूद बड़े पत्थरों के पीछे छिप गईं, जिससे वह सुरक्षित बच निकलीं। वहीं कंदरू नगेसिया भालू के हमले की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद घायल को जंगल से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. निकिता बोदरा ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार घायल के शरीर पर कई स्थानों पर गहरे जख्म और चोट के निशान पाए गए हैं। इस घटना के बाद पूरे इलाके में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली भालू और अन्य वन्य जीवों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों के सामने जान-माल का खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से वन्य जीवों की निगरानी बढ़ाने, प्रभावित परिवार को मुआवजा देने और लोगों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। वहीं, वन विभाग की टीम मामले की जानकारी जुटाने और घटना की जांच में जुट गई है। अधिकारियों ने लोगों से जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की अपील की है।

# पिपरवार में विकास की सौगात : विधायक रोशनलाल चौधरी ने पांच योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने पिपरवार मंडल क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला के तहत कुल पांच महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र, एक विद्यालय भवन विस्तार तथा सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं।

विधायक ने बचरा उत्तरी पंचायत, बचरा दक्षिणी पंचायत और किचटो पंचायत में 55-55 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र भवनों की आधारशिला रखी। इसके साथ ही बचरा मध्य विद्यालय में 50 लाख रुपये की लागत से छह अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।



इसी क्रम में हफुआ क्षेत्र में 98 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण परियोजना की भी शुरूआत की गई।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुगम सड़क संपर्क उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा एवं आजसू के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### विक्षिप्त लापता बच्चा बरामद

**देवघर।** देवघर पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त लापता बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 31 मई 2026 को देवघर जिले के रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिरुडीह निवासी छोटेलाल बाउरी का 9 वर्षीय पुत्र राहुल बाउरी, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जाता है, अचानक लापता हो गया था। बच्चे के गायब होने की सूचना मिलते ही देवघर पुलिस सक्रिय हो गई और उसकी खोजबीन शुरू कर दी। पुलिस की तत्परता एवं लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप राहुल बाउरी को सकुशल बरामद कर लिया गया। आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और देवघर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा और अधिकमास पर बाबा मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**देवघर।** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा और अधिकमास के पावन अवसर पर रविवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के लिए लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। सामान्य दर्शन के साथ-साथ शीघ्र दर्शनम् कूपन काउंटर पर भी श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें मंदिर परिसर से बाहर तक देखी गईं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पदाधिकारी एवं जवान लगातार तैनात रहे। मौसम अपेक्षाकृत ठंडा रहने से श्रद्धालुओं को भी राहत मिली और दर्शन-पूजन का क्रम सुचारू रूप से चलता रहा। इस विशेष अवसर के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बाबा मंदिर के तीर्थ पुरोहित प्रवीन ठाकुर ने बताया कि अधिकमास, जिसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है, सनातन धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह माह भगवान विष्णु को समर्पित होता है और इस दौरान किए गए जप, तप, दान और पूजा का फल कई गुना बढ़कर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि अधिकमास की पूर्णिमा का महत्व और भी अधिक माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वर्ष 2026 में अधिकमास की पूर्णिमा तिथि 30 मई की सुबह से शुरू होकर 31 मई की दोपहर तक रही। उदया तिथि के आधार पर पूर्णिमा का विशेष पुण्यकाल रविवार को माना गया।

# देवघर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर समाहरणालय सभागार में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना और विशेष रूप से युवाओं एवं बच्चों को निकोटीन एवं तंबाकू उत्पादों की लत से बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने कहा कि तंबाकू का सेवन ना एक व्यक्ति को शारीरिक और आर्थिक रूप से खोखला करता है। पूरे परिवार को संकट में डाल देता है। आज का युवा देश का भविष्य है। विज्ञापन और दिखावे के जाल में फंसकर तंबाकू, सिगरेट या गुटखे को अपनी आदत नहीं बनाएं। एक मजबूत इच्छाशक्ति और आत्मबल से इस जानलेवा लत से पूरी तरह मुक्ति पाई जा सकती है। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता और डॉ. मनीष शेखर ने कहा कि तंबाकू सेवन गैर-संचारी रोगों के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक है। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग एवं विभिन्न प्रकार के कैंसर की रोकथाम के लिए तंबाकू का त्याग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श सेवाओं को सुदृढ़ करने और समुदाय स्तर पर नियमित जागरुकता गतिविधियों के संचालन पर बल दिया। यदि समाज के युवा वर्ग को तंबाकू की लत से बचाया जा सके, तो आने वाली पीढ़ियों को अनेक गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है।



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि युवाओं को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों की लत से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवाओं से नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। तंबाकू निषेध अभियान में जनसहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू निषेध से संबंधित जागरुकता संदेश, स्वास्थ्य संबंधी तथ्य एवं तंबाकू छोड़ने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित प्रतिभागियों को तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार एवं समुदाय को भी इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एएनएमटीसी की प्रशिक्षु छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार मालवीय ने किया। कार्यक्रम के आयोजन एवं समन्वय में अभिमन्यु कुमार डांगी, रवि कुमार सिन्हा, रविचंद्र मुर्मू एवं अभिषेक कुमार लाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महाविष्णु यज्ञ में भक्ति में डूबे श्रद्धालु

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** सारठ के चितरा कोलियरी स्थित दुखिया बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 महाविष्णु यज्ञ के चौथे दिन पूरा चितरा क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। तड़के सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर स्थित विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिरों में दर्शन-पूजन करने के बाद यज्ञशाला की परिक्रमा की तथा धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाचार्य संजय मिश्रा, सुनील वल्लभ झा, राघवेंद्र मिश्रा, प्रमोद बलियासे, ललन जजवाड़े, नारायण पलिवार, रवि मठपती, गणपति खवारे, मानिक बलियासे, पिंकू मिश्रा, राजेश नरौने, सोनू मठपती, मोहनलाल नरौने, मनोज झा, अमित खवाड़े, पप्पू झा, विष्णु, सुमित कुमार, प्रकाश परिहार एवं गिरधारी बाबा सहित अन्य विद्वान पंडितों के जरिये मुख्य यजमान नित्यानंद राय एवं उनकी धर्मपत्नी के हाथों हवन एवं पूजन संपन्न कराया गया।





# रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर प्रतिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** सामाजिक संस्था अन्वेषा की ओर से रविवार को कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर प्रतिक्षण रवींद्रनाथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्य, संगीत और संस्कृति के माध्यम से गुरुदेव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी से हुई। यह प्रभात फेरी सोनारी से आरंभ होकर कदमा और साकची के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः सोनारी पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी के दौरान प्रतिभागियों ने कविगुरु के विचारों और सांस्कृतिक विरासत का संदेश लोगों तक पहुंचाया। संस्था की संस्थापक सचिव अल्पना भट्टाचार्य ने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर का संथाल समुदाय और उनकी संस्कृति से विशेष जुड़ाव रहा था। उन्होंने अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण समय संथाली समाज के बीच बिताया, जिसका प्रभाव उनके साहित्य और रचनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

# एनएसयूआई देवघर की हर पंचायत में संगठन को करेगा मजबूत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रवि वर्मा के नेतृत्व में सारवां प्रखंड की डकाय पंचायत में बैठक रविवार को हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और विशिष्ठ अतिथि मुखिया मुबारक अंसारी मौजूद थे। बैठक का संचालन नवनियुक्त सारवां प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार रवानी ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कहा कि एनएसयूआई हमेशा से छात्रों की हक की लड़ाई लड़ते आई है। देवघर एनएसयूआई सारवां प्रखंड की हर पंचायत में संगठन को मजबूत करेगा। पूरे देवघर जिले की हर प्रखंड पंचायत में छात्रों, युवाओं की पढ़ाई के दौरान समस्याओं का समाधान करेगा। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रवि वर्मा ने कहा कि यह प्रयास है कि किसी भी छात्र को सारवां प्रखंड और पूरे जिले में पढ़ाई के दौरान किसी भी तरह की कठिनाई नहीं हो। उनके हक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार रवानी ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। मौके पर तीन दर्जन से अधिक सदस्यों ने एनएसयूआई का दामन थामा। मौके पर एनएसयूआई जिला महासचिव मनीष कुमार, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय कुमार, राजन रवानी, नंदू यादव, ललन राणा, पवन रमानी, सुमन राणा, भोला पासवान, सरलू पासवान, राजेश पासवान, सन्नी मुर्मू, सुनील हांसदा, अजीत सोरेन, किशुन सोरेन, गणेश हेम्ब्रम, सन्नोथ सोरेन,पवन सोरेन,विकाश राणा, राजेंद्र राणा, नीतू सोरेन, सिकंदर रवानी, छेला बिहारी, सुमित राणा, आदि चक्रवर्ती, पप्पू मांझी, कुंदन राय, बबलू मुर्मू आदि सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।



### बिशुनपुरा में राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती मनाई गई

**गढ़वा।** बिशुनपुरा प्रखंड में रामनाथ पाल के आवास पर राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपप्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की महान शासक, कुशल प्रशासक एवं जनकल्याणकारी व्यक्तित्व थीं। उनके द्वारा स्थापित आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर पृथ्वी पाल, अनिल पाल, इन्द्रदेव पाल, सुनील पाल, भीखू पाल, नवल पाल, अमरेश पाल, उदेश पाल उर्फ छोटू पाल, विकास पाल, विवेक पाल सहित पाल समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।



### आपन सरस्वतिया अभियान के तहत मेराल में शुरू हुई नदी सफाई

**गढ़वा।** आपन सरस्वतिया अभियान के तहत मेराल प्रखंड में सरस्वतिया नदी की सफाई एवं डी-सिल्टिंग कार्य का शुभारंभ रविवार को किया गया। अंचलाधिकारी यशवंत नायक के नेतृत्व में स्थानीय बुद्धिजीवि, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से अभियान में भाग लेते हुए नदी की सफाई शुरू की। अभियान के दौरान नदी क्षेत्र में जमा कचरे की सफाई के साथ-साथ गाद हटाने (डी-सिल्टिंग) का कार्य भी प्रारंभ किया गया। उपस्थित लोगों ने श्रमदान कर नदी के प्राकृतिक स्वरूप को पुनर्स्थापित करने की दिशा में अपने योगदान का संकल्प लिया। अभियान के शुभारंभ से पूर्व उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां वितरित की गईं। सरस्वतिया नदी के संरक्षण, संवर्धन एवं उसके प्राकृतिक प्रवाह को पुनर्जीवित करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। लोगों ने कहा कि नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर है, जिसे सुरक्षित रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने कहा कि जनसहभागिता से चलने वाले ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अभियान से निरंतर जुड़े रहें तथा नदी को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने में अपना सहयोग दें। कार्यक्रम के दौरान मुखिया राम सागर महतो, मुखिया प्रतिनिधि मुन्नाराम, पूर्व जिप सदस्य संजय भगत, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, समाजसेवी अतहर अली अंसारी, धनंजय चौधरी, मनोज जायसवाल, रोहित कुमार, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, यासिन अंसारी, मोबिन अंसारी, रूपू महतो आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर पाल महासंघ ने किया माल्यार्पण

**गढ़वा।** पाल महासंघ की ओर से राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर रविवार सुबह नीलांबर-पीतांबर भवन के समीप स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व महासंघ के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने किया। कार्यक्रम के बाद पाल महासंघ के पदधारी एवं सदस्यों ने विचार गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी में समाजहित एवं संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई। राकेश पाल ने समाज के लोगों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।



# आदित्यपुर : एसटाइप चौक पर दुकानों पर फिर चली जेसीबी, दुकानदार पहुंचे थाना

**शंभू सिंह पर जबरन कब्जे और गुंडागर्दी का आरोप, लाखों का सामान बर्बाद होने का दावा**

**थाना प्रभारी बोले- जांच जारी, दोबारा जेसीबी चली तो होगी कड़ी कार्रवाई**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**आदित्यपुर।** स्थित एसटाइप चौक के समीप हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर बने दुकानों पर जेसीबी चलवाने का मामला फिर गरमा गया है। रविवार को दोबारा जेसीबी चलने की सूचना पर आक्रोशित दुकानदार आदित्यपुर थाना पहुंचे। दुकानदारों ने शंभू सिंह नामक व्यक्ति पर जेसीबी चलवाने और जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है।

**35-40 साल पुरानी दुकानें तोड़ीं, लाखों का नुकसान :** दुकानदारों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी असामाजिक तत्वों द्वारा जेसीबी चलवाकर 35 से 40 वर्षों से बसी दुकानों को तोड़वा दिया गया था। इस दौरान दुकान के अंदर रखे लाखों रुपये का सामान बर्बाद हो गया। उस वक्त भी दुकानदारों ने शंभू सिंह समेत अन्य लोगों के ऊपर आरोप लगाये थें, जहां आदित्यपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी।



**रेंट रसीद कटती है, फिर भी तोड़फोड़**

कुछ दुकानदारों का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड से उन्हें अस्थायी रूप से जमीन मिली है और वे नियमित रेंट रसीद भी कटवाते हैं। इसके बावजूद बार-बार उनकी दुकानें तोड़ी जा रही हैं। दुकानदारों ने शंभू सिंह पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया है।

**अपनी जमीन से ज्यादा पर कब्जा चाहता है शंभू सिंह :** दुकानदारों ने आरोप लगाया कि शंभू सिंह अपनी जमीन से ज्यादा भूखंड पर जबरन कब्जा करवाना चाहता है। विरोध करने पर उसके आदमियों द्वारा डराया-धमकाया जाता है। रविवार को फिर से जेसीबी चलने की सूचना पर दुकानदारों ने जिला प्रशासन की कार्रवाई पर भी नाराजगी जताई।

**पुलिस ने दी सख्त हिदायत**

आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि दुकानों पर जेसीबी चलने की सूचना मिली थी। जांच के लिए पुलिस टीम भेजी गई थी, लेकिन मौके पर सभी लोग जेसीबी चलाने की बात से मुकर गए। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने द्वितीय पक्ष को सख्त हिदायत दी है कि अगर उस जगह पर पुनः जेसीबी चलती है तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में देवघर की पुरुष और महिला टीम लेगी भाग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** झारखंड राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 13 वीं सीनियर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 05 जून से 07 जून तक धनबाद स्थित डॉ जेके सिन्हा मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लर्निंग में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की पुरुष और महिला टीमें हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए देवघर जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष मनीष सिंह ने रविवार को बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और देवघर जिला कबड्डी संघ भी इस राज्य स्तरीय आयोजन में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। उन्होंने कहा कि जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तर पर अपनी क्षमता दिखाने का यह एक सुनहरा अवसर है। संघ का लक्ष्य है कि देवघर की टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करे। संघ के सचिव बमबम दूबे ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले की पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। टीम चयन के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 03 जून को देवघर महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल में जिले के सभी योग्य और इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और खिलाड़ियों के प्रदर्शन, शारीरिक फिटनेस और तकनीकी कौशल के आधार पर अंतिम टीम का चयन किया जाएगा। देवघर जिला कबड्डी संघ ने जिले के सभी कबड्डी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और प्रशिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में ट्रायल में भाग लेने की अपील की है। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता को लेकर जिले के खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है और खेल प्रेमियों को देवघर की टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

# कास्टिंग डायरेक्टर सबीर अली की मेहनत से सजी फिल्म कृष्णा और चिट्ठी

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**धनबाद।** फिल्म इंडस्ट्री में किसी भी फिल्म की सफलता में कास्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और आगामी फिल्म कृष्णा और चिट्ठी इसकी एक बेहतरीन मिसाल है। इस फिल्म की कास्टिंग का जिम्मा कास्टिंग डायरेक्टर सबीर अली और एसोसिएट कास्टिंग डायरेक्टर काकुल यादव ने संभाला है, जिन्होंने कहानी के अनुरूप कलाकारों का चयन कर फिल्म को एक मजबूत आधार प्रदान किया है। सबीर अली, जो पिछले कई वर्षों से फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुके हैं, ने इस प्रोजेक्ट के लिए अनुभवी और प्रतिभाशाली कलाकारों को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई है। उनके साथ काकुल यादव ने भी कास्टिंग प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। फिल्म में अरुण गोविल, दर्शील सफारी, सज्जाद डेलाफ्रोज, मीर सरवर, सुजाता सहगल, नैशा खन्ना सहित कई जाने-माने कलाकार नजर आएंगे। इन सभी कलाकारों का चयन कहानी की जरूरतों और किरदारों की गहराई को ध्यान में रखते हुए किया गया है। फिल्म की कहानी एक कश्मीरी पंडित समुदाय के संघर्ष पर आधारित है। सरकार द्वारा मंदिर निर्माण के लिए दी गई जमीन आर्थिक कारणों से उनके हाथ से निकलने की कगार पर पहुंच जाती है। इसी बीच एक स्थानीय विधायक उस जमीन पर मॉल बनाना चाहता है। जब एक पुजारी जमीन वापस मांगता है, तो विधायक एक अनोखी शर्त रखता है–यदि पुजारी की टीम क्रिकेट टूनार्मेंट में उसकी टीम को हरा दे, तो जमीन मंदिर के लिए वापस कर दी जाएगी। यहीं से शुरू होती है आस्था, संघर्ष, एकता और क्रिकेट के रोमांच से भरपूर एक प्रेरणादायक यात्रा, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखेगी। इस फिल्म की कहानी रणजीत सिंह मशियाना ने लिखी है, जबकि निर्देशन की कमान विनय भारद्वाज और सौमित्र सिंह ने संभाली है। फिल्म की निमार्ता रवीना ठाकुर हैं। कृष्णा और चिट्ठी न सिर्फ अपनी कहानी के लिए चर्चा में है, बल्कि इसकी शानदार कास्टिंग भी इसकी सबसे बड़ी ताकत मानी जा रही है। कास्टिंग डायरेक्टर सबीर अली और एसोसिएट कास्टिंग डायरेक्टर काकुल यादव ने जिस तरह से अनुभवी और युवा कलाकारों का संतुलित चयन किया है, वह फिल्म को एक अलग पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। फिल्म प्रेमियों को अब इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है।

# रांची में रहकर पढ़ाई कर रहे चतरा के छात्र की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**इकलौते चिराग के बुझने से गांव में पसरा मातम**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पत्थलगड्डा (चतरा)।** नावाडीह के पत्थलगड्डा प्रखंड अंतर्गत बाजोंबार गांव में उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब ग्रामीणों को गांव के ही एक होनहार और शांत स्वभाव के युवक करण कुमार (उम्र लगभग 22 वर्ष) के आकस्मिक निधन की खबर मिली। मृतक करण कुमार, स्थानीय निवासी धनुकी प्रसाद का पुत्र था, जो रांची में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था। माता-पिता के संघर्षों का था एकमात्र सहारा बताया जाता है कि करण पढ़ाई में बेहद होनहार और शांत स्वभाव का था। उसने हजारीबाग से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की थी और इसके बाद रांची से बीएससी (इ.रू) करने के बाद सामान्य प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में जुटा था। बेटे को एक अधिकारी या सफल इंसान बनते देखने की चाह में उसके पिता धनुकी प्रसाद मुंबई में रहकर मजदूरी करते थे, वहीं उसकी मां दिन-रात खेतों में पसीना बहाकर बेटे की पढ़ाई के लिए पैसे जुटाती थी। करण अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और पूरे परिवार की उम्मीदें उसी पर टिकी थीं। बंद कमरे में मिला शव घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर से ही करण का मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा था। अनहोनी की आशंका के बीच, रात में मकान मालिक के माध्यम से परिजनों को सूचना मिली कि करण के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है और आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है।

## संक्षिप्त

### बाइक चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**धनबाद।** धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र में बाइक चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को पुलिस ने सभी आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार, सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित राधा–कृष्णा स्टोर के संचालक मनोज कुमार की बाइक 29 मई की शाम चोरी हो गई थी। घटना के दौरान एक आरोपित बाइक लेकर फरार हो गया था, जबकि दूसरे युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। सरायढेला थाना के एसआई संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित वरुणेश कुमार से पूछताछ के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की। कार्रवाई में अनिमेष सिंह और राहुल नामक दो अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराई और इसके बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले में आगे की जांच जारी है।

### स्कूटी चलाना सीखने के दौरान हादसे में दो किशोरों की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में रविवार को हुए एक सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई। दोनों दोस्त स्कूटी चलाना सीखने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रास्ते में कलवर्ट पुलिया के पास संतुलन बिगड़ने से उनकी स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार,मृतकों की पहचान पुराना मनोहरपुर निवासी संजय लोहार के पुत्र वतन लोहार (14) और ओम सांडिल के रूप में हुई है। हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों किशोर अपने एक मित्र की स्कूटी लेकर अभ्यास करने के लिए मैदान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नाले पर बनी कलवर्ट पुलिया के पास स्कूटी अनियंत्रित हो गई और दोनों वाहन समेत नीचे गिर गए। हादसा इतना गंभीर था कि दोनों किशोरों के सिर, हाथ, पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना और विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को निकोटीन एवं तंबाकू उत्पादों की लत से बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति को शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर बनाता है, बल्कि पूरे परिवार को संकट में डाल देता है। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे विज्ञापनों और दिखावे के प्रभाव में आकर तंबाकू, सिगरेट या गुटखे जैसी आदतों को न अपनाएं। उन्होंने कहा कि मजबूत इच्छाशक्ति और आत्मबल के माध्यम से इस घातक लत से पूरी तरह मुक्ति पाई जा सकती है। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से वर्ष 2026 के लिए निर्धारित थीम आकर्षण का पदार्फाश करना, निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला करना के अनुरूप चर्चा की गई। सिविल सर्जन डॉ रमेश कुमार ने कहा कि तंबाकू सेवन मुख कैंसर, फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज सहित अनेक गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि तंबाकू नियंत्रण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक विकास से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से तंबाकू निषेध का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार गुप्ता और डॉ मनीष शेखर ने कहा कि तंबाकू सेवन गैर-संचारी रोगों के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर ने कहा कि युवाओं को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की लत से बचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया और तंबाकू निषेध अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर एएनएमटीसी की प्रशिक्षु छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनकी ट्यूटर दिव्या ज्योति ने भावी स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए तंबाकू नियंत्रण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार मालवीय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों, प्रशिक्षु छात्राओं और अन्य प्रतिभागियों ने तंबाकू सेवन से दूर रहने एवं तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की शपथ ली। कार्यक्रम के बाद समाहरणालय परिसर से अतिथियों ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## समाज सेवा का उद्देश्य लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना : डॉ विजय



**देवघर।** भारत विकास परिषद की बैद्यनाथ धाम शाखा और देवघर शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बाजला चौक स्थित परिषद कार्यालय प्रकोष्ठ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं को गति देना, सेवा गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाना और दोनों शाखाओं के बीच समन्वय को मजबूत करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षक, लेखक एवं समाजसेवी डॉ विजय शंकर उपस्थित रहे। वहीं भारत विकास परिषद के पूर्वी क्षेत्रीय संयोजक (संपर्क) प्रो अरविंद कुमार झा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैद्यनाथ धाम शाखा के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने की। अपने संबोधन में डॉ विजय शंकर ने कहा कि समाज सेवा का वास्तविक उद्देश्य केवल सहायता करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद जैसे संगठन निस्वार्थ सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो अरविंद कुमार झा ने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी शक्ति संपर्क और समन्वय है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध वर्ग को परिषद के सेवा प्रकल्पों से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि इससे सामाजिक कार्यों का विस्तार होगा और अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सकेगी। अध्यक्ष संतोष शर्मा ने कहा कि यह संयुक्त कार्यशाला दोनों शाखाओं के बीच सामंजस्य को और सुदृढ़ करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में परिषद सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और स्थानीय स्तर पर जनकल्याणकारी गतिविधियों को और अधिक सक्रियता के साथ संचालित करेगी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रो राखी रानी ने महिला सशक्तिकरण और संगठन में महिलाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में संतोष कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, परिमल कुमार सिंह, रंजीत कुमार बरनवाल, रूपा केसरी, माया केसरी, जयप्रकाश गुप्ता, उत्तम कुमार सिंह, संजय कुमार वर्मा, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान संगठन की भावी योजनाओं, सेवा प्रकल्पों के विस्तार और समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बढ़ाने को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

## युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर के उलीडीह ओपी क्षेत्र के आदिवासी क्लब के समीप झाड़ियों से रविवार सुबह एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल है। मृतक की पहचान शकोसाई रोड नंबर-2 निवासी 24 वर्षीय विकास सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में विकास के सिर पर किसी धारदार हथियार से किए गए कई गहरे वार के निशान पाए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और करने के बाद शव को झाड़ियों में फेंका गया है। परिजनों ने बताया कि विकास सिंह शनिवार देर रात अपने भगिने से मिलने उलीडीह क्षेत्र गया था। मुलाकात के बाद वह घर लौटने के लिए निकला, लेकिन रात काफी बीत जाने के बाद भी घर नहीं पहुंचा। परिवार के सदस्यों ने उससे लगातार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद परिजन पूरी रात उसकी तलाश में जुटे रहे, मगर उसका कोई सुराग नहीं मिला।

## जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच भोजन और छाता वितरण

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा बिष्टुपुर में आयोजित सेवा शिविर के दौरान जरूरतमंद एवं असहाय बुजुर्गों के बीच भोजन के साथ-साथ छातों का वितरण किया गया। बढ़ती गर्मी एवं मानसून को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस पहल का उद्देश्य बुजुर्गों को राहत एवं सहारा प्रदान करना था। संस्था के संस्थापक प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन विगत कई वर्षों से बुजुर्गों के कल्याण एवं सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। संस्था द्वारा एल्डर केयर सेंटर, आश्रय गृह, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, ऑनलाइन ठगी जागरूकता अभियान, वेलनेस कार्यक्रम तथा अन्य कई जनकल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर सुधीर सिन्हा, विजय गोपाल, अरविंद कुमार, आशा सिंह, विनीता श्रीवास्तव एवं प्रवीण श्रीवास्तव सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

## बक्सा डैम से मिले प्रतिबंधित पशु के तीन कटे सिर, भद्रकाली मंदिर मार्ग जाम



**चतरा।** इटखोरी थाना क्षेत्र के माधवपुर स्थित बक्सा डैम से रविवार सुबह प्रतिबंधित पशु के तीन कटे हुए सिर बरामद किए गए हैं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में भारी तनाव और ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, आज सुबह जब स्थानीय युवक बक्सा डैम में स्नान करने पहुंचे, तो वहां कटे हुए सिर देखकर दंग रह गए। इसी डैम में स्नान कर कई श्रद्धालु पास ही स्थित विश्व प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन के लिए जाते हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक भावनाएं भड़काने की इस कोशिश से नाराज ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को पूरी तरह जाम कर दिया है और सैकड़ों लोग इटखोरी थाने पहुंच गए हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यालय डीएसपी सुनील कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैद हैं। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराने में जुटी है।

# सांसद-विधायक ने किया करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास

**मनोज और मनीष की जोड़ी मिलकर क्षेत्र में विकास की गति को दोगुना रफ्तार देगी : सांसद**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चौपारण।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से लगभग दस करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली छः योजनाओं का शिलान्यास किया। विभिन्न गावो में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे सांसद व विधायक व ग्रमीणों ने जोरदार स्वागत किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मनोज और मनीष की जोड़ी मिलकर क्षेत्र में विकास की गति को दोगुनी रफ्तार देगी। वहीं विधायक ने कहा कि वे जनता से किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा कर रहे है। आपकी लंबित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास एनएच-2 कर्बला चौक से केवला होते हुए बेला तक पथ सुदृढ़ीकरण 3 किमी, प्राथमिक विद्यालय चपरीकला में चार अतिरिक्त कमरों का निर्माण, आर.ई.ओ. रोड गोपाल सिंह के घर से चक-बाराडीह होते हुए नगवां तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य 2.5 किमी, रूपीन मुइयांटोली से टांडीह होते हुए पपरो बगीचा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य 3.5 किमी, पीडब्लूडी रोड हथिया से जामुनचक तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य 2.5 किमी और ग्राम दादपुर में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का निर्माण कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एक चापाकल के सहारे पूरी बस्ती, पेयजल संकट से जूझ रहे टोंगरी पहाड़ी के ग्रामीण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत चन्द्रीगोविंदपुर पंचायत के टोंगरी पहाड़ी के समीप स्थित बस्ती के ग्रामीण इन दिनों गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। बस्ती में लगभग 20 से 30 घर हैं, जहां अधिकांश परिवार भारती समाज से हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे गांव के लिए केवल एक चापाकल ही उपलब्ध है और वह भी इन दिनों रुक-रुक कर पानी दे रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की समस्या और गंभीर हो गई है।

सुबह से लेकर शाम तक लोगों को चापाकल के पास कतार लगानी पड़ती है। कई बार चापाकल से पर्याप्त पानी नहीं निकलने के कारण लोगों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए पानी जुटाने में काफी परेशानी होती है। ग्रामीण संतरा देवी, जितेंद्र भारती और मीना देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत के मुखिया को जानकारी दी गई है। बावजूद इसके अब तक न तो नए चापाकल की व्यवस्था की गई है और न ही खराब हो रहे चापाकल की समुचित मरम्मत कराई गई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही है। कई बार दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ता है, जिससे समय और श्रम दोनों की बबार्दी होती है। गांव के लोगों ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से अविलंब पहल करते हुए बस्ती में अतिरिक्त चापाकल लगाने अथवा अन्य स्थायी पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा एवं सीता देवी द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सिमरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

प्रखंड क्षेत्र के लुतीडिह गांव के घोंघीबर टोला में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके कारण कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, सांस संबंधी समस्याएं एवं दांत और मसूड़ों की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। तंबाकू सेवन न केवल सेवन करने वाले व्यक्ति बल्कि उसके आसपास रहने वाले लोगों, विशेषकर बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त तंबाकू की लत आर्थिक नुकसान के साथ पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं का कारण भी बनती है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को तंबाकू से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# संपादकीय

## सख्ती समय की मांग

**भारत-पाकिस्तान** सीमा पर घुसपैठ, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। सुरक्षा बलों की सतर्कता और निरंतर कार्रवाई के बावजूद सीमा पार से आतंकियों और उनके सहयोगियों की गतिविधियां पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी हैं। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त बनाने का निर्णय स्वागतयोग्य और आवश्यक कदम है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीमा से पंद्रह किलोमीटर के दायरे में अवैध निर्माणों के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने का निर्देश इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। यह केवल अवैध निर्माणों को हटाने का मामला नहीं है, बल्कि उन सभी संभावित ठिकानों और नेटवर्क को समाप्त करने की कोशिश है, जिनका उपयोग घुसपैठिए, तस्कर और आतंकवादी संगठन अपने हितों के लिए करते रहे हैं। वास्तविकता यह है कि सीमा पार से होने वाली घुसपैठ केवल भौगोलिक सीमा का उल्लंघन नहीं होती, बल्कि इसके माध्यम से आतंकवाद, कट्टरपंथ, हथियारों और नशीले पदार्थों का जाल भी देश के भीतर फैलता है। कई मामलों में स्थानीय स्तर पर सक्रिय सहयोगी तंत्र आतंकियों के लिए आश्रय, सूचनाएं और संसाधन उपलब्ध कराता है। यही कारण है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सीमा पर नहीं, बल्कि देश के भीतर भी समान रूप से लड़ी जाती है। पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी संगठनों को संरक्षण और समर्थन देने के आरोप अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार उठ चुके हैं। इसके बावजूद सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों में कमी नहीं आई है। पहलगाम सहित विभिन्न आतंकी घटनाएं इस खतरे की गंभीरता को लगातार रेखांकित करती रही हैं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह आवश्यक है कि वे केवल घुसपैठ रोकने तक सीमित न रहें, बल्कि आतंकवाद को समर्थन देने वाले पूरे तंत्र को ध्वस्त करें। इसी क्रम में जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में चल रहा 'ऑपरेशन शेरूवाली' भी महत्वपूर्ण है। डोरीमल और गंभीर मुगलान के दुर्गम जंगलों में छिपे आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई यह संदेश देती है कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष में ऐसी कार्रवाइयां सुरक्षा बलों के मनोबल को मजबूत करती हैं और देशवासियों में विश्वास पैदा करती हैं।

# भारतीय नदियों की दुखद कहानी...

**ऋतुपर्ण दवे**

सर्वोच्च न्यायालय से लेकर विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों ने भी इस पर चिंता जताई है। हम छठ पर्व पर हर साल यमुना की बदहाली देखते हैं। उन दिनों यह चर्चा का विषय बनती है, लेकिन पर्व निकलते ही सब भूल जाते हैं कि अगली बार सुधार के लिए भी कुछ करना है। कमोबेश यही स्थिति देश की दूसरी नदियों की है। कई बार न्यायालयों की सख्त टिप्पणियां सामने आईं, लेकिन किसी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। दिल्ली में यमुना को तो दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक माना जाने लगा है। यह नदी दिल्ली में जल आपूर्ति का बड़ा सहारा है। इसमें प्रदूषण की वजह नजफगढ़ का नाला है। इसका प्रदूषित पानी रासायनिक अवशेष के साथ यमुना में मिलता है। दिल्ली तक बह कर आने वाली यमुना नजफगढ़ नाले के कारण 70 फीसद से अधिक प्रदूषित हो जाती है। यहां अमोनिया का स्तर भी बहुत अधिक बढ़ जाता है। बात केवल राष्ट्रीय राजधानी की नहीं है। कई राज्यों में भी नदियां प्रदूषित हो रही हैं। चेन्नई की कूउम नदी का भी यही हाल है। इसे अब देश की सबसे प्रदूषित नदी माना जाता है। दक्षिण में भी नदियों का प्रदूषित होना चिंता का विषय है। गंगा-यमुना के अलावा भी ऐसी नदियां हैं, जो प्रदूषण का बोझ उठाए चुपचाप बह रही हैं और अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। अन्य प्रदूषित नदियों में साबरमती और दामोदर नदी भी शामिल हैं। औद्योगिक कचरा, अनुपचारित गंदा पानी, प्लास्टिक और कृषि रसायनों के कारण भी कई नदियां बेहद जहरीली हो चुकी हैं। इनमें गंगा की सहायक नदियां भी शामिल हैं। ऐसा भी नहीं है कि नदियां किसी एक स्थान पर ही प्रदूषण का शिकार होती हैं। एक ही नदी कई स्थानों पर उस क्षेत्र की गंदगी को लेकर आगे की ओर बढ़ती हैं। कई नदियां तो दर्जनों स्थानों पर और कुछ तो इससे भी ज्यादा जगहों पर गंदगी का वाहक बन चुकी हैं।

नदियों को मैली होने से बचाने के लिए किसी भी स्तर पर गंभीरता नहीं दिखती। नदी में गंदगी मिलने पर किसी को भी दुख नहीं होता। एक ओर तो नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे, तो दूसरी ओर स्थानीय निकाय भी इस दिशा में काम नहीं कर रहे। वे नदियों का दुरुपयोग इसलिए करते हैं, ताकि उनके नगर-कस्बे या गांवों की समूची गंदगी साफ हो जाए और नदी उनका बोझ ढोते हुए आगे बढ़ जाए। इसे रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। हमारा ध्यान देश की बड़ी नदियों पर रहता है। बाकी नदियों की दशा पर हम सोचते ही नहीं हैं। गंगा नदी में बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं चलाई गईं, लेकिन वह प्रदूषण से मुक्त नहीं हो पा रही है। वाराणसी में गंगा किनारे हजारों शवों का दाह संस्कार इसके किनारे किया जाता है और अस्थियों को विसर्जित किया जाता है। कई लोग तो सीधे शव को ही बहा देते हैं, लेकिन गंगा के पावन होने पर कोई आंच नहीं आती। यह सदियों से चला आ रहा है। अब बढ़ती जनसंख्या और तीव्र औद्योगीकरण के कारण गंगा विश्व की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक बन गई है। गंगा नदी के किनारे बसे इलाकों में करीब चार करोड़ से अधिक लोग रहते हैं। इसके प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण मानव मल है। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन लगभग पांच अरब लीटर गंदा पानी नदी में मिल जाता है। कहने को दूषित जल को शोधित करने लिए बड़े-बड़े संयंत्र लगाए गए हैं, लेकिन वास्तव में एक चौथाई ही उपचारित हो पाता है। गंगा के पानी की स्थिति यह है कि इसमें जीवाणुओं का स्तर स्नान के लिए सुरक्षित स्तर से 150 गुना अधिक है। कमोबेश यही हाल अमरकंटक से निकली नदी नर्मदा और सोन का है। नर्मदा अपने उद्गम से थोड़ा आगे से ही प्रदूषण की मार झेलती दिखती है, तो सोन नदी चंद किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद एक कागज कारखाने का अपशिष्ट झेलती और जलशोधन का 'नाटकइ देखती आगे बढ़ती है। जब देश की बड़ी नदियों का यह हाल है, तो शेष के बारे में केवल अंदाजा ही लगाया जा सकता है। गंगा नदी को साफ करने पर 1986 से अब तक बीस हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो चुके हैं, जिसमें 2014 में 'नमामि गंगेइ कार्यक्रम की शुरूआत के बाद से 13 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि भी शामिल है। वर्ष 2019 के एक आकलन में क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया ने पाया कि गंगा के किनारे बसे ज्यादातर शहर सीधे अपना कचरा नदी में डाल रहे थे, क्योंकि उनके पास कचरा निपटान संयंत्र नहीं थे। आज स्थिति यह है कि शोधन संयंत्र न लगने या सही तरीके से उनका प्रबंधन न होने से अधिकतर नदियों में गंदगी मिल रही हैं।




नदियों को मैली होने से बचाने के लिए किसी भी स्तर पर गंभीरता नहीं दिखती। नदी में गंदगी मिलने पर किसी को भी दुख नहीं होता। एक ओर तो नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे, तो दूसरी ओर स्थानीय निकाय भी इस दिशा में काम नहीं कर रहे। वे नदियों का दुरुपयोग इसलिए करते हैं, ताकि उनके नगर-कस्बे या गांवों की समूची गंदगी साफ हो जाए और नदी उनका बोझ ढोते हुए आगे बढ़ जाए। इसे रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। हमारा ध्यान देश की बड़ी नदियों पर रहता है। बाकी नदियों की दशा पर हम सोचते ही नहीं हैं। गंगा नदी में बेतहाशा बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं चलाई गईं, लेकिन वह प्रदूषण से मुक्त नहीं हो पा रही है। वाराणसी में गंगा किनारे हजारों शवों का दाह संस्कार इसके किनारे किया जाता है और अस्थियों को विसर्जित किया जाता है। कई लोग तो सीधे शव को ही बहा देते हैं, लेकिन गंगा के पावन होने पर कोई आंच नहीं आती। यह सदियों से चला आ रहा है। अब बढ़ती जनसंख्या और तीव्र औद्योगीकरण के कारण गंगा विश्व की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक बन गई है। गंगा नदी के किनारे बसे इलाकों में करीब चार करोड़ से अधिक लोग रहते हैं।

नदियों में बढ़ते प्रदूषण के आंकड़ों को लेकर कहीं कोई चिंता नहीं दिखती है। ऑस्ट्रिया के लक्समबर्ग में एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एप्लाइड सिस्टम्स एनालिसिस (आईआईएएसए) का एक शोध वास्तविकता पर काफी हद तक प्रकाश डालता है। इसके अनुसार वर्तमान में दुनियाभर के नगरपालिका क्षेत्र के कचरे का 17 फीसद हिस्सा भारत में है। इससे निपटने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को तत्काल अमल में लाना होगा, नहीं तो नदियों में कचरे के जाने की समस्या बढ़ती रहेगी। नगरपालिका क्षेत्र के ठोस कचरे के निपटान के लिए एक वैश्विक संधि हो जो यह सुनिश्चित करे कि सभी देश समान नियमों का पालन करें, जिससे एक देश से दूसरे देश में नदियों से कचरा आने का जोखिम कम हो जाए। यदि ऐसा हो जाता है, तो राष्ट्रीय स्तर पर कचरे के फैलने की विश्वव्यापी समस्या के लिए ऐसा वैश्विक समझौता ज्यादा सक्षम होगा और इससे व्यापक स्तर पर समाधान निकलेगा। भारत में नगरपालिका क्षेत्र से रोजाना तकरीबन एक लाख 52 हजार 245 मीट्रिक टन ठोस कचरा निकलता है। यह कचरा आमतौर पर घरों का होता है। जैव चिकित्सा अपशिष्ट भी एक बड़ी समस्या बन चुका है। वर्ष 2021 में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 शुरू किया गया था, तब लक्ष्य रखा गया कि 2026 तक सभी शहरों को कचरा मुक्त बनाना है। जिसमें कई शहरों-कस्बों और नगरों में सफलता भी दिख रही है। गौरतलब है कि नगर की स्वच्छता और कचरा प्रबंधन से ही नदियों की सफाई जुड़ी हुई है। लोग अब इस बात को समझने भी लगे हैं।

घर से मोहल्ला, मोहल्ले से वार्ड और वार्ड से नगर के समूचे कचरा निपटान के लिए सतत प्रभावी दृष्टिकोण अपनाना होगा। कचरे का समाधान हो जाएगा, तो नदियां अपना स्वरूप पा सकेंगी और ये हमारे जीवन की धारा बनेंगी। इसके लिए जन और तंत्र दोनों को ही जुटना होगा। जब नदियों में रासायनिक कचरा नहीं रहेगा, तो वे अविरल बहेंगी। बस जरूरत है तो इच्छाशक्ति की। पानी का संकट दुनिया भर में गहराता जा रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक पृथ्वी पर कुल उपलब्ध पानी का 97.5 फीसदी हिस्सा समुद्री है, बाकी 2.5 फीसदी हिस्सा मीठा जल है, लेकिन इसका भी काफी मात्रा प्रदूषित है, जो पीने योग्य नहीं है। एक अनुमान के अनुसार कुल जल का केवल एक फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है, जो दुनिया की आबादी के लिहाज से बहुत कम है। ऐसे में जल संकट भयावह होता जा रहा है।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# मन के विचार और कर्मों का फर्क समझिए

**एक** दिन एक बच्चा अपने पिता के साथ बाजार गया। बाजार में चलते-फिरते उसकी नजर खिलौनों की दुकान पर पड़ी। दुकान के बाहर ही प्लास्टिक की एक बंदूक सजी लटक रही थी। बंदूक देख कर उससे रहा नहीं गया। वह अपने पिता से बंदूक लेने की जिद करने लगा। काफी देर तक टालने और मना करने पर भी न मानने के बाद पिता ने उसे बंदूक खरीद दी। वह बच्चा घर पहुंचा, तो उसने सबसे पहले अपनी मां को बंदूक दिखाई और बोला, ममी, इस बंदूक पर मेरे सपने टिके हैं! सुन कर मां घबरा गई कि बेटा क्या कह रहा है। वह सोचने लगी कि कहीं उसका बच्चा बड़ा होकर चोर-डकैत तो नहीं बन जाएगा! फिर शाम होते ही वह अपनी खिलौना-बंदूक लेकर गली-मुहल्ले के अपने यार-दोस्तों पर रोब जमाने लगा। एक मित्र ने समझाया, यार, बंदूक भी कोई पसंद करता है? यह किस काम की है? कुछ लेना ही था, तो क्रिकेट का बल्ला और गेंद लेता। खेलते-खेलते खिलाड़ी बन जाता। फिर उसने साफ-साफ पूछा, भई, तुमने बंदूक ली ही क्यों? बच्चा जब समझाने लगा तो कहा- मैंने बंदूक यह सोच कर ली है कि मैं बड़ा होकर सेना में जाऊंगा और देश की रक्षा करूंगा। सुन कर दोस्त हक्का-बक्का रह गया! जब उसकी मां को पता चला कि उसका बच्चा ऐसा सोचता है, तो उसका भी सिर गर्व से ऊंचा उठ गया।

ओशो के शब्द हैं, उस मां को, उस पिता को, मैं सच्चा माता-पिता कहता हूं और उस गुरु को, मैं सच्चा गुरु कहता हूं, जो अपने बच्चों और शिष्यों से कहे कि तुम खुद जैसे बनने की कोशिश करना। साथ ही, कभी भूल कर भी किसी और जैसे मत बनना। तो तुम्हारे भीतर एक सुगंध, एक सौरभ, एक गरिमा पैदा होगी, जिसके लिए तुम दुनिया में आए हो। आमतौर पर, ऊपर-ऊपर से देख-सुन कर हर कोई अपने मन में किसी के बारे में धारणा बुन लेता है। मिसाल के तौर पर, अगर कोई युवा बेरोजगार तेज धार का चाकू खरीद लाए, तो उसे देखने वाले लोगों के दिमाग में पहला खयाल जरूर कौंधेगा कि चाकू से कुछ गलत काम करने का इरादा होगा। बेशक उसकी ऐसी सोच हरगिज न रही हो। हो सकता है कि उसने अपने घर पर फल और सब्जियां काटने के लिए चाकू खरीदा हो।



इसी तरह एक बार एक घरेलू सहयोगी नरेश चूहे मारने की टिकिया लेने मुहल्ले की परचून दुकान पर गया। उसने दुकानदार की तरफ सौ रुपए का नोट बढ़ाया और कहा, भैया, एक फलां कंपनी की चूहे मारने की टिकिया दीजिए। दुकानदार ने उससे जानना चाहा कि इसका क्या करोगे, तो वह बिना जवाब दिए, गुमसुम दुकानदार को ताकता रहा। शायद उसे दुकानदार से ऐसे सवाल की उम्मीद नहीं थी। दुकानदार ने उसे चूहे मारने की टिकिया देने से मना कर दिया। नरेश खाली हाथ घर लौट आया और अपने साहब से बोला कि दुकानदार ने पता नहीं क्यों उसे देने से इनकार कर दिया है। जबकि कई टिकियां सामने ही रखी हुई थीं। साहब नरेश को परचून की दुकान पर दुबारा ले गए। इस बार साहब ने वही टिकिया मांगी, तो दुकानदार ने बिना कुछ कहे-पूछे निकाल कर सामने रख दी। साहब ने दुकानदार से जानना चाहा कि आपने नरेश को क्यों नहीं दी, तो दुकानदार बोला कि नरेश मुझे बता नहीं पाया कि इसका करेगा क्या! अगर वह कहता कि घर में उससे चूहे भगाने हैं, तो मैं फौरन दे देता, लेकिन वह खामोश रहा। इसलिए दुकानदार को संदेह हुआ कि छोटू का इरादा कुछ गलत करने का है। यानी कहीं खुद खा ली, तो वह दुकानदार ही फंस जाएगा।

यह भी सच है कि मन में विचार रखने या महज इरादा होना, तब तक अपराध नहीं माना जाता, जब तक उसे अंजाम न दिया जाए। सड़क पर सफर के दौरान वाहनों का जाम लग जाने की सूरत में अगर कोई मन ही मन जल्दी पहुंचने के लिए उल्टी तरफ से जाना चाहे, तो कोई यातायात पुलिसकर्मी उसका चालान नहीं काटेगा, क्योंकि वह केवल चाह रहा है, उल्टी तरफ से गया नहीं है।

जबकि अगर उसके मन में विचार उत्पन्न हो, और वह सचमुच गलत तरफ अपना वाहन ले जाए, तब कानून तोड़ने के जुर्म में फंसेगा। कहने का आशय यह कि सिर्फ चाहने या सोचने से किसी काम का हो जाना नहीं मान लिया जा सकता, जब तक कि वह वास्तव में घटित होता हुआ न दिखे। वास्तव में, हर व्यक्ति में पूर्ण क्षमता है, चाहे तो वह कल्पना से भी ज्यादा नीचे गिर जाए और चाहे जितना भी ऊपर उठ जाए। मगर ऊपर उठने में चढ़ाई है और चढ़ाई में मेहनत लगती है। साथ ही चढ़ाई मेहनत के साथ सब्र मांगती है। चूंकि नीचे उतरने में ढलान है, बिना श्रम, जल्दी और आसानी से नीचे आ सकते हैं। इसलिए ज्यादातर व्यक्ति कानून तोड? का आसान रास्ता अपनाते हैं। इसके अलावा, नीचे उतरना हमेशा आसान लगता है। यों भी, भीड़ के पीछे चलना आसान है, क्योंकि वहां अपना दिमाग नहीं लगाना पड़ता। व्यक्ति जो भी आज है- अपने विचारों, भावों और कर्मों का जोड़ है। हर किसी का चरित्र अतीत की पूरी श्रृंखला से बनता और बिगड़ता है। इसीलिए पहली गलती पर अमूमन माफ कर दिया जाता है, लेकिन एक के बाद दूसरी, फिर तीसरी, चौथी और गलतियों की पूरी एक श्रृंखला बन जाने के बाद माफी की गुंजाइश जाती रहती है।

# आज का पंचांग

## दैनिक पंचांग

**1 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 152 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** प्रतिपदा 16.38 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 19.09 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 06.19 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 16.38 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 02'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872727
**जूलियन दिन** 2461192.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 15
**विशेष** इष्टि।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.14 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कर्क | 08.28 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.44 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.56 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.06 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.21 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.37 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.42 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.29 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.02 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मेष | 02.32 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.12 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8878

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | 3 | | |
| | | | | | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | | 8 | | | | |
| | 9 | | 10 | | | | 11 | |
| 12 | | 13 | | | | 14 | | |
| 15 | | | | | 16 | | 17 | |
| | | 18 | | | | 19 | | |
| 20 | | | | | 21 | | | |
| | | | | 22 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

**शब्द पहेली - 8877 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | ■ | क | ल | र | व |
| क | ■ | छ | ल | क | प | ट | ■ | र |
| रा | ख | ■ | ■ | म | ■ | ■ | बं | दा |
| र | त | ■ | प | ल | क | ■ | दा | न |
| ■ | र | स | ना | ■ | मा | ख | न | ■ |
| त | ना | ■ | ह | म | ल | ■ | वा | स |
| ल | क | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ज | ल |
| घ | ■ | म | न | र | ख | ना | ■ | वा |
| र | म | जा | न | ■ | त | क | दी | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# सुडोकू

## सूडोकु नवताल- 7812

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7811 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# शादी के चार साल बाद मां बनेंगी अनुष्का रंजन




## ● आदित्य सील ने शेयर की तस्वीरें; कई सेलेस ने दी बधाई

शादी के चार साल बाद आदित्य सील और अनुष्का रंजन माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों ने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरों के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की है। बॉलीवुड के मशहूर कपल आदित्य सील और अनुष्का रंजन माता-पिता बनने वाले हैं। शादी के चार साल बाद आदित्य सील और अनुष्का रंजन के घर नन्हा मेहमान आने वाला है। इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर करके फैंस के साथ खुशखबरी शेयर की है।



## वरुण को झटका

# वासु भगनानी ने ठोका 400 करोड़ का केस

**बॉलीवुड** एक्टर वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' चर्चा में है. फिल्म 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसके लिए वरुण और उनके पिता डेविड धवन तेजी से प्रमोशन कर रहे हैं. हाल ही में फिल्म का गाना 'चुनरी-चुनरी' रिलीज हुआ, जो पुराने आइकॉनिक गाने का रीमेक है. इसी बीच फिल्म के मेकर्स का प्रोड्यूसर वासु भगनानी से क्लैश देखा जा रहा है. अब नया और बड़ा अपडेट सामने आया है. जिसके मुताबिक, वासु भगनानी ने 400 करोड़ रुपये का केस कर दिया है. पूजा एंटरटेनमेंट लिमिटेड ने बॉम्बे हाई कोर्ट में टिप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रमेश तौरानी, ??कुमार एस तौरानी और डेविड धवन को तगड़ा झटका दिया है. पर क्यों केस हुआ है, आइए पूरा मामला समझाते हैं. वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' पर वासु भगनानी का बड़ा आरोप है. उनके मुताबिक, फिल्म में मशहूर गानों को बिना इजाजत के इस्तेमाल किया गया है. हाल ही में बॉलीवुड हंगामा पर एक रिपोर्ट छपी. जिसमें दिए प्रेस स्टेटमेंट के मुताबिक, वकील वी के दुबे एसोसिएट्स ने केस फाइल किया है. जिसमें फिल्म के प्रमोशनल मटीरियल, विवादित गाने 'चुनरी चुनरी' और 'इश्क सोना है' को लेकर आपत्ति जताई है. साथ ही डिस्ट्रीब्यूशन, स्ट्रीमिंग और कमर्शियल इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की है.

### ➲ कब होगी मामले की सुनवाई?

हाल ही में वासु भगनानी ने मेकर्स के खिलाफ 400 करोड़ रुपये का केस कर दिया है. दरअसल कोर्ट ने उन्हें केस फाइल करने की इजाजत दे दी थी. इस मामले को लेकर जल्द ही सुनवाई होगी. जिसे सबसे बड़ी कॉपीराइट लड़ाइयों में से एक भी कहा जा रहा है.

### ➲ वासु भगनानी की मांग?

दरअसल वासु भगनानी चाहते हैं कि गानों के इस्तेमाल पर रोक लगाई जाए. साथ ही प्रमोशनल मटीरियल से 'चुनरी चुनरी' और 'इश्क सोना है' गाने को हटाया जाए. साथ ही 'है जवानी तो इश्क होना है' टाइटल बदलने की भी मांग की गई है. इतना ही नहीं, पूजा एंटरटेनमेंट वालों ने 100 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग भी की है. हालांकि, अगर टिप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड और डेविड धवन इन मांगों को पूरा नहीं करते हैं, तो चीजें बिगड़ सकती हैं.

### ➲ आरोप?

पूजा एंटरटेनमेंट (इंडिया) लिमिटेड ने आरोप लगाया है कि फिल्म के मेकर्स के पास इसके इस्तेमाल के राइट्स नहीं थे. कहा गया है कि ओरिजिनल ऑडियो-विजुअल के राइट्स के बिना गैर-कानूनी तरीके से फायदा उठाया है. हालांकि, टिप्स ने सोशल मीडिया पर इसे लेकर जवाब भी दिया है और इन आरोपों को गलत बताया है.



## सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर

# मलाइका अरोड़ा ने कहा- 'दूसरों को खुश करने की जरूरत नहीं'

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपने करियर की शुरुआत से ही लोगों की नजरों में रही हैं। उनके काम के अलावा उनकी पर्सनल लाइफ, खासकर उनके रिश्तों को लेकर भी अक्सर चर्चा होती रहती है। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग्स को कमेंट्स को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि अब उन्होंने अपनी इनर हैप्पीनेस यानी अंदर की खुशी को संभालना सीख लिया है। जानिए एक्ट्रेस ने क्या कुछ कहा।

### इंटरनेट पर बहुत शोर होता है

इंटरव्यू में मलाइका ने कहा, 'मैं अपनी खुशी को इस तरह बचाती हूं कि मुझे याद रहता है कि इंटरनेट पर बहुत शोर होता है, लेकिन हर बात समझदारी भरी नहीं होती। अगर आप अपनी शांति को लोगों की राय के भरोसे छोड़ देंगे, तो आप कभी अंदर से खुश नहीं रह पाएंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अपनी सीमाएं बनानी सीख ली हैं। अब मैं अपने बारे में हर बात नहीं पढ़ती और न ही हर किसी की राय को दिल पर लेती हूं। मैं असली जिंदगी, अपने काम, अपने करीबियों और अपनी रोजमर्रा की आदतों पर ध्यान देती हूं। यही चीजें मुझे जमीन से जोड़े रखती हैं।'

### मैं हर बात पर रिएक्ट नहीं करती

मलाइका का मानना है कि उम्र के साथ सोच भी बदलती है। उन्होंने आगे कहा 'अब मैं हर बात पर रिएक्ट नहीं करती। मुझे समझ आ गया है कि जो लोग आलोचना करते हैं, वह उनके बारे में ज्यादा बताता है, न कि मेरे बारे में। मेरी खुशी अब इस बात में है कि मैं खुद को जानती हूं और उसी में खुश हूं।'

उन्होंने यह भी माना कि पहले वह भी बाकी लोगों की तरह सोचती थीं कि कहीं वह ज्यादा बोल्ड, ज्यादा ओपन या ज्यादा अलग तो नहीं हैं। लेकिन अब उन्हें एहसास हो गया है कि यही उनकी ताकत है। मलाइका ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, 'आज मैं जैसी हूं, उसे बिना किसी माफी के अपनाती हूं। अब मुझे खुद को बदलकर दूसरों को खुश करने की जरूरत नहीं लगती। अपनी जिंदगी के इस पड़ाव पर मुझे अपने आप में ही सुकून मिलता है।'





## Don 3 विवाद अब सलमान के भरोसे!

# रणवीर और फरहान का लफड़ा सुलझाएंगे भाईजान?

Don 3: रणवीर सिंह के लिए 'धुरंधर' ने गेम सेट कर दिया. पर फिलहाल 'डॉन 3' विवाद ने पूरा खेल बिगाड़ा हुआ है. क्योंकि WICE ने उन पर बड़ा एक्शन लिया है. रणवीर सिंह के खिलाफ 'नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव' जारी कर दिया. अब इसे बैन कहा जा रहा है, लेकिन फेडरेशन का कहना है, ऐसा नहीं है. इधर एक्टर ने 'डॉन 3' छोड़ी, तो उधर फरहान अख्तर ने कहा था कि 45 करोड़ नुकसान हुआ है. जिसकी भरपाई करनी होगी. वैसे एक्टर ने एक्सेल एंटरटेनमेंट को ऑफर दिया था, पर मामला सुलझा नहीं. अब नई रिपोर्ट सामने आ गई है. जिसके मुताबिक, सलमान खान की DON 3 विवाद में एंट्री हो गई है. क्या अब भाईजान इस लफड़े को सुलझाने वाले हैं. रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच DON 3 को लेकर मामला फंसा हुआ है. दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी चीजों को लेकर स्टैंड ले रहे हैं. वहीं, इंडस्ट्री में दोनों एक्टर्स की तरफ बंटी हुई है. इसी बीच एक रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि, सलमान खान को रणवीर सिंह पसंद हैं. वहीं अख्तर परिवार से भी रिश्ते हमेशा से अच्छे रहे हैं. अब एक्टर ने दोनों को इस मसले को सुलझाने की बात कही है, ताकी दोनों ही एक्टर्स के भविष्य के प्रोजेक्ट्स पर कोई असर न पड़े.

### सलमान खान की 'डॉन 3' विवाद में एंट्री?

नई रिपोर्ट से यह भी पता लगा कि, सलमान खान फरहान अख्तर और रणवीर सिंह के बीच इस मामले को जल्द सुलझाना चाहते हैं. यही वजह है कि एक्टर ने फरहान को क्लियर समझाया कि इंडस्ट्री में क्रिएटिव मतभेद होना एक आम बात है. साथ ही रणवीर सिंह का स्टैंड भी समझा. भाईजान ने एक्टर से काफी लंबी बात की है. वो इस वक्त मेडिएटर की भूमिका निभा रहे हैं और चाहते हैं कि आराम से यह मुद्दा सुलझ जाए. साथ ही किसी को भी नुकसान महसूस न हो.

## शाहरुख खान नहीं

# अब रजनीकांत की 'जेलर 2' में होगा ऋतिक रोशन का कैमियो?

**रजनीकांत** के लिए साल 2025 भी सॉलिड रहा था. क्योंकि पिछले साल उनकी 'कुली' रिलीज हुई थी. जिसे बेशक क्रिटिक्स से मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला हो. पर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी. अब बारी है 'जेलर 2' की. जिस पर लंबे वक्त से काम हो रहा है. वैसे तो रजनीकांत और बाकी एक्टर्स अपने हिस्से का शूट पूरा कर चुके हैं. साथ ही शाहरुख खान का कैमियो भी होना था, पर उन्होंने आखिर वक्त पर इसके लिए मना कर दिया.

अब नए अपडेट से पता लगा कि ऋतिक रोशन की फिल्म में एंट्री करवाई जा रही है. क्या शाहरुख खान वाला पार्ट ही उन्हें दिया जाएगा. शाहरुख खान का इस वक्त पूरा फोकस ही 'किंग' पर है. जिसे दिसंबर में ही रिलीज किया जाना है और वो उसे लेकर बिजी भी चल रहे हैं. जबकि, ऋतिक अभी किस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं.

# 'अंडर 18' में किच्चा सुदीप की एंट्री

### सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी ऐश्वर्या राजेश-विक्रांत की फिल्म

साउथ इंडस्ट्री में इन दिनों निर्देशक कार्तिक पेरुमल स्वामी की नई फिल्म 'अंडर 18' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म की कहानी को लेकर लोगों के बीच पहले से ही काफी उत्सुकता थी, लेकिन अब इसमें सुपरस्टार किच्चा सुदीप की एंट्री ने उत्साह को और बढ़ा दिया है। मेकर्स ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इसका आधिकारिक ऐलान किया। फिल्म को प्रोड्यूस कर रही एसआर प्रोडक्शंस ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किच्चा सुदीप का स्वागत किया। पोस्ट में लिखा, ''बादशाह आ चुके हैं। पावरहाउस परफॉर्मर किच्चा सुदीप का 'अंडर 18' में स्वागत है। सफर में एक बड़ा बदलाव अब शुरू होता है।'' फिल्म से उनके जुड़ने के ऐलान के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। लोग अब यह जानने के लिए और ज्यादा उत्सुक हैं कि फिल्म में किच्चा सुदीप का किरदार कैसा होगा। हालांकि, मेकर्स ने अभी उनके रोल के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है।

# बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, तेज की तैयारियां

**कोशी तटबंध के भीतर दुबियाही व मौजहा पंचायत का निरीक्षण**

एजेंसी



**सुपौल।** आगामी बाढ़ 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को किशनपुर प्रखंड अंतर्गत कोशी तटबंध के भीतर स्थित दुबियाही एवं मौजहा पंचायत का एसडीएम मनोहर कुमार साहु और एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाढ़ और कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बाढ़ के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएंगी। निरीक्षण दल में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) मनोहर साहु, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुपौल, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) किशनपुर, संबंधित तटबंध के पदाधिकारी, अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। अधिकारियों ने तटबंध के भीतर बसे गांवों की भौगोलिक स्थिति, संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और कटाव की गंभीरता का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुबियाही और मौजहा पंचायत के उन इलाकों का विशेष रूप से दौरा किया जहां कोशी नदी के कटाव का खतरा बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि हर वर्ष बाढ़ और कटाव के कारण उनकी कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्र प्रभावित होते हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कटाव निरोधी कार्यों को शीघ्र शुरू करने और प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि सरकार की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कटाव प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही जिन परिवारों के विस्थापन की संभावना है, उनके पुनर्स्थापन की प्रक्रिया भी प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएगी। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने कटाव प्रभावित स्थलों पर मौजूद अभियंताओं को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

एजेंसी



**भागलपुर।** समाज में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने को लेकर रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों, पैनल अधिवक्ताओं और पारा विधिक स्वयंसेवकों सहित कई लोगों ने भाग लिया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भागलपुर दीपांकर पांडेय ने सभी उपस्थित लोगों को तंबाकू, गुटखा और अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय भागलपुर राजकुमार राजपूत, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश संजय प्रिया, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर रंजीता कुमारी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान यह बताया गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नशा मुक्त समाज की दिशा में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों को स्वस्थ जीवन अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की बाइक और दो मोबाइल के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**सुपौल।** सुपौल पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का संबंध 18 मई को परमानंदपुर क्षेत्र में बंदूक की नोक पर हुई छिनतई की घटना से भी जुड़ा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर छापेमारी कर पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की एक बाइक तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में कई अहम सुराग मिलने की बात सामने आ रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 18 मई को परमानंदपुर में हथियार के बल पर छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले की जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।इस कार्रवाई को सुपौल पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### सड़क किनारे अचेत अवस्था में मिली बुजुर्ग महिला, इलाज के दौरान मौत

**भागलपुर।** जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र स्थित गुड़हट्टा चौक के समीप रविवार को एक अज्ञात बुजुर्ग महिला अचेत अवस्था में मिली। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल इलाज के लिए मायागंज अस्पताल पहुंचाया। लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस अब मृतका की पहचान कराने के प्रयास में जुटी है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह गुड़हट्टा चौक के पास लोगों ने एक बुजुर्ग महिला को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला को इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल भेजा।

## सीएम ने बेली ब्रिज का किया निरीक्षण

# करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

एजेंसी



**भागलपुर।** निर्धारित कार्यक्रम के तहत बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को भागलपुर पहुंचे। हवाई अड्डे पर सांसदों, जनप्रतिनिधियों और एनडीए कार्यकताओं ने उनका फूलों के गुलदस्ते और नारों के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया। हवाई अड्डे से निकलने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री का काफिला सीधे विक्रमशिला सेतु पहुंचा। वहां उन्होंने हाल ही में निर्मित बेली ब्रिज का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पुल की संरचना, निर्माण कार्य की प्रगति और इस पर होने वाली यातायात व्यवस्था की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने पुल पर आवागमन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर पूरे शहर में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे और सभी प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात रहे। विक्रमशिला सेतु निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री सीधे समाहरणालय पहुंचे। यहाँ उन्होंने जिले के लिए करोड़ों रुपये की विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके साथ ही, आगामी विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर वे प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री के इस भागलपुर दौरे को क्षेत्र के समग्र विकास, आधारभूत संरचना और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूती देने की दिशा में एक बेहद अहम कदम माना जा रहा है। बेली ब्रिज के शुरू होने और नई योजनाओं के शिलान्यास से स्थानीय जनता को आने वाले समय में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, महिला समेत दो गंभीर घायल



**सुपौल।** सुपौल शहर के व्यस्ततम इलाकों में शामिल कोशी कॉलोनी चौक के समीप रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से आ रही एक चारपहिया वाहन और ई-रिक्शा के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्थानीय लोगों की तत्परता और मानवीय पहल के कारण घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब ई-रिक्शा कोशी कॉलोनी चौक से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक चारपहिया वाहन ने नियंत्रण खो दिया और ई-रिक्शा से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के प्रभाव से उसमें सवार यात्री सड़क पर जा गिरे और मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय निवासी मोहम्मद इरशाद ने बताया कि चारपहिया वाहन काफी तेज रफ्तार में थी। चौक के समीप पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सामने जा रहे ई-रिक्शा से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों की सहायता में जुट गए। दुर्घटना में घायल हुए लोगों की पहचान मोहम्मद समीम और मीरा देवी के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद दोनों घायल दर्द से कराह रहे थे। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए उन्हें वाहन की सहायता से सदर अस्पताल सुपौल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि दोनों घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आवश्यक जांचें कराई गई हैं और उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचाए जाने के कारण घायलों को बेहतर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी। हालांकि उनकी स्थिति को देखते हुए कुछ समय तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाएगा।

### तीन दिन में तीसरी वारदात, बंद घर से जेवर-नकदी समेत बकरा तक ले उड़े बदमाश

**सुपौल।** जिले के पिपराथाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। महज तीन दिनों के भीतर चोरी और चोरी के प्रयास की तीन घटनाएं सामने आने से इलाके में दहशत का माहौल है। ताजा मामला पथरा उत्तर पंचायत के सन्यासी टोला का है, जहां चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, सन्यासी टोला वार्ड संख्या-5 निवासी इंदल गिरी रोजगार के सिलसिले में दिल्ली में रहते हैं। घर में रहने वाले बच्चे भी रात में रिश्तेदारों के यहां सोने चले जाते थे। इसी का फायदा उठाकर शनिवार रात अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य गेट की लोहे की कुंडी तोड़ दी और अंदर घुस गए। चोरों ने घर के कमरों में रखे बक्से और ट्रॉली बैग को तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर, नकद राशि तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इतना ही नहीं, बदमाश घर से एलसीडी टीवी, टेंपू की बैटरी और एक बकरा भी अपने साथ ले गए।घटना का खुलासा रविवार सुबह हुआ, जब इंदल गिरी की 12 वर्षीय पुत्री नंदिनी कुमारी घर पहुंची। घर के अंदर सामान बिखरा देख उसने ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार रात पथरा दक्षिण पंचायत में भी एक घर में बड़ी चोरी की घटना हुई थी, जिसकी पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। वहीं शुक्रवार को चोरों ने पिपरा थाना से सटे अंचल परिसर स्थित अभिलेखागार के आरओ कार्यालय में चोरी का प्रयास किया था, लेकिन वहां तैनात गार्ड की सतर्कता के कारण बदमाश अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके।लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांवों और टोले-मोहल्लों में नियमित पुलिस गश्ती नहीं होने के कारण अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता मुख्य सड़क और बाजार क्षेत्रों तक सीमित रहती है, जबकि ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कमजोर बनी हुई है। इधर, पिपरा थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जल्द ही चोरी में शामिल अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लगातार हो रही वारदातों को देखते हुए पुलिस क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की बात कह रही है।

## महिला एवं बाल विकास निगम ने सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

एजेंसी

**बेगुसराय।** बाल विकास परियोजना मटिहानी अंतर्गत संचालित आंगनवाडी केन्द्र संख्या-10, महाजी टोला वार्ड संख्या-8 में जिला हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन बेगूसराय के कर्मी राजकुमार सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक, वीणा कुमारी, केन्द्र प्रशासक, वन स्टॉप सेन्टर एवं संजीत कुमार, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, डी0 एच0ई0 डब्लू0 माध्यम से सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ ने महिला एवं बाल विकास निगम के द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार के योजनाओं जैसे-बेटी बचओ, बेटी पढ़ाओं, बाल विवाह प्ररितोष अधिनियम 2005, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, साईबर क्राईम, पी0सी0पी0 टी0 एन0 डी0टी एवं एम0टी0पी एक्ट, चाईल्ड हेल्पलाईन नं0.-1098, महिला हेल्प लाईन नं0-181, साईबर क्राईम टोल फ्री नं0-1930 एवं नशा मुक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में केन्द्र प्रशासक ने अपने संबोधन में रेड डॉट चैलेन्ज के बारे में महिलाओं एवं किशोरियो को जागरूक किया गया।

## अतरुआ पुल जर्जर होने के कारण पुल के दोनों ओर बड़े वाहन के रोक के लिए लोहे का ब्रेकर लगाया गया

एजेंसी



**भगवानपुर/बेगूसराय।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के दो भागों को जोड़ने वाले प्रखंड का अतिव्यस्त अतरुआ पुल के क्षतिग्रस्त होने से यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कारण पुल से बड़ी वाहन नहीं गुजरे इसके लिए पुल के दोनों ओर लोहे का ब्रेकर लगा दिया है ताकि सिर्फ छोटी वाहन ही पुल से गुजर सके।जर्जर पुल के समीप ही नए पुल का निर्माण कार्य जारी है, जिसके चलते बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित है।समस्या यह है कि एनएच तेघड़ा से अतरुआ की ओर मुड़ने वाले स्थान व बनवारीपुर हनुमान चौक की ओर से आने वाली बड़ी वाहन को जानकारी के अभाव में पुल के पास से वापस लौटना पड़ रहा है जिसके कारण इंधन और समय दोनों की बबार्दी होती है। पुल से वापस लौटाने में भी परेशानी होती है कारण वहां जगह की भी कमी है। राष्ट्रीय उच्च पथ तेघड़ा व बनवारीपुर हनुमान चौक सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त चेतावनी एवं दिशा-सूचक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। जानकारी के अभाव में भारी वाहन चालक पुल तक पहुंच जाते हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला खेल भवन में वूशु खेल प्रतियोगिता आयोजित

एजेंसी



**सहरसा।** छठे सहरसा जिला जिला वुशु चैंपियनशिप सब जूनियर जूनियर और सीनियर कैटेगरी में रविवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला खेल भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष साजन शर्मा ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जबकि विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर शत्रुघ्न शर्मा वैराग्य पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अंबिका देवी संयुक्त रूप से बच्चों से परिचय प्राप्त करके और दीप प्रज्वलन करके इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए समर्पित है। सहरसा में आगामी दिनों में वुशु को विभिन्न स्तरों पर सरकार के द्वारा जो मदद होती होगी। उसको करने के लिए हम तत्पर होंगे। आप सभी लोग हमें वुशु खेल के विकास के लिए जो भी पहल करेंगे उसमें हम बढ़ चढ़कर उसे कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं राष्ट्रीय रेफरी नीतीश मिश्रा ने बताया कि सरकार सेल्फ डिफेंस के क्षेत्र में बहुत मजबूती से कम कर रही है जिसमें वुशु खेल बच्चों को खेल के साथ-साथ आत्म सम्मान के प्रति भी जागरूक करता है। कार्यक्रम में वुशु संघ के संरक्षक रोशन सिंह धोनी ने बताया कि खेल के माध्यम से नशा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को समझता है और आगे बढ़ता है। जिला वुशु संघ के सचिव मनीष कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला प्रशिक्षक मुकेश कुमार सिंघम ने बताया कि सहरसा में लगभग सैकड़ो बच्चे विभिन्न सरकारी और प्राइवेट स्कूल के माध्यम से हमारे पास आते हैं उनको हम खेल भवन में प्रशिक्षित करते हैं स्कूल में प्रशिक्षित करते हैं जिससे आगामी दिनों में सहरसा वुशु के क्षेत्र में काफी संख्या में प्रतिभागी देंगे ।

## भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय मुन्ना का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

एजेंसी



**नवादा।** नवादा परिषदन में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में रविवार को बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना का पार्टी कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि संजय कुमार मुन्ना ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी। वे भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा जाना नवादा जिले के लिए गौरव की बात है। उनके अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता का लाभ पार्टी को निश्चित रूप से मिलेगा तथा संगठन और अधिक सशक्त होगा। अपने संबोधन में नवनियुक्त प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने मुझ जैसे एक साधारण कार्यकर्ता पर इतना बड़ा दायित्व सौंपा है, इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भिखु भाई दलसाणिया, सांसद विवेक ठाकुर, जिलाध्यक्ष अनिल मेहता, हिसुआ विधायक अनिल सिंह तथा निर्वतमान विधायक अरुणा देवी के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

## एसएसबी बीरपुर में तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी



**सुपौल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), बीरपुर मुख्यालय एवं वाहिनी की समस्त सीमा चौकियों में तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों एवं आमजन के बीच तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश प्रसारित करना था।45वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों तथा महिला कार्मिकों ने तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान जगदीश कुमार शर्मा ने तंबाकू निषेध प्रतिज्ञा का वाचन कर सभी उपस्थित कार्मिकों को शपथ दिलाई। उन्होंने तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान पर प्रकाश डालते हुए सभी को तंबाकू एवं धूम्रपानजनित नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।इस अवसर पर प्रवीण कुमार कौशिक, उप कमांडेंट तथा राहुल कुमार, सहायक कमांडेंट सहित अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवानों एवं महिला कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु अपना संकल्प व्यक्त किया।

## संक्षिप्त

### पाकिस्तान में गर्मी का कहर, सिंध में 50 के पार पहुंचा पारा; लोगों को घरों में रहने की सलाह

**मैडिसन, एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में भीषण गर्मी ने लोगों का जीवन मुश्किल कर दिया है। शनिवार को सिंध के दादू शहर में तापमान 51.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसने मई 2016 का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। लगातार बढ़ती गर्मी और तपती हवाओं के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग और सिंध आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को धूप से बचने और घरों में रहने की सलाह दी है। पाकिस्तान मौसम विभाग के कराची कार्यालय के मुख्य मौसम विज्ञानी सरफराज खान ने बताया कि दादू में दर्ज 51.5 डिग्री तापमान नया रिकॉर्ड है। इसके अलावा जैकबाबाद में तापमान 51 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं शहीद बेनजीराबाद यानी नवाबशाह, लारकाना और मोहनजोदड़ो में भी पारा 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। कराची में तापमान 37.5 डिग्री रहा, जबकि सकरंद, घोटकी और खैरपुर में यह 46 से 49 डिग्री के बीच रहा। भीषण गर्मी के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में शामिल है। सिंध प्रांत में लंबे समय से गर्म और शुष्क मौसम बना हुआ है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने हालात और खराब कर दिए हैं। दिन के समय सड़कें सूनी नजर आ रही हैं और लोग जरूरी काम के बिना घरों से बाहर नहीं निकल रहे। कई इलाकों में बिजली और पानी की समस्या ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग और सिंध आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सावधानी बरतने को कहा गया है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने और शरीर को ठंडा रखने की सलाह दी गई है।

### पेरिस में उपद्रव: पीएसजी की जीत के जश्न में हिंसा-आगजनी, पुलिस ने दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की दूसरी चैंपियंस लीग खिताबी जीत के जश्न के दौरान शनिवार देर रात हिंसा भड़कने के बाद पेरिस पुलिस ने दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया। इस दौरान कुछ लोगों ने राजधानी में एक पुलिस थाने में घुसने की भी कोशिश की। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में खेले गए रोमांचक फाइनल में पीएसजी ने पेनाल्टी शूटआउट में आर्सेनल को हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच समाप्त होते ही पेरिस में समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। प्रशंसक आर्क द ट्रायम्फ के आसपास की सड़कों पर जुटे। कई लोगों ने फ्लेयर जलाए और वाहनों के हॉर्न बजाए। करीब 20,000 लोग शॉम्प्स-एलिजे क्षेत्र में एकत्र हुए, जहां पुलिस भीड़ को नियंत्रित करने में जुटी रही। पेरिस पुलिस मुख्यालय के अनुसार, छोटे-छोटे समूहों ने शहर के विभिन्न हिस्सों में उपद्रव किया। कुछ लोगों ने दुकानों में तोड़फोड़ की और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया। कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि एक पुलिसकर्मी इस दौरान घायल हो गया। शहर के पॉश 8वें एरोंडिस्मां इलाके में स्थित एक पुलिस थाने में घुसने की कोशिश करने वाले लोगों को भी तितर-बितर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, रात 10 बजे तक 45 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका था।

### 80 के ट्रंप 66 साल का दिल: मेडिकल रिपोर्ट में सभी जिम्मेदारियों के लिए फिट, डॉक्टर ने दी ये सलाह

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चिकित्सक ने कहा है कि ट्रंप की सेहत बेहतर स्थिति में है। 80 वर्षीय ट्रंप सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। मंगलवार को कराई गई चिकित्सकीय जांच के मुताबिक ट्रम्प की 'कार्डियक एज' यानी दिल की वास्तविक उम्र उनकी असली उम्र से 14 साल कम यानी 66 साल का है। ट्रंप के उनके 6 फुट 3 इंच लंबे कद के साथ, बॉडी मास इंडेक्स 29.7 है, जो मोटापे की श्रेणी में आता है। रिपोर्ट में ट्रंप के हाथों पर नीले निशान का भी जिक्र है, इसमें इन्हें बार-बार हाथ मिलाने से कोमल ऊतकों में होने वाली मामूली जलन बताया गया। यह एस्पिरिन थेरेपी का एक सामान्य दुष्प्रभाव भी है। उनकी हालिया जांच रिपोर्ट में पैरों के निचले हिस्से में हल्की सूजन का जिक्र है, लेकिन साथ ही कहा गया है कि पिछले साल के मुकाबले उनकी स्थिति में सुधार हुआ है। इस बार उनका कोलेस्ट्रॉल 143 रहा, जो 2018 में 223 था। पिछले अप्रैल में यह घटकर 140 हो गया था। पिछले साल व्हाइट हाउस ने बताया था कि ट्रंप 'क्रोनिक वीनस इनसफिशिएंसी' से पीड़ित हैं, जिससे उनके पैरों में खून जमा हो जाता है। दिल, फेफड़े और नर्वस सिस्टम बिल्कुल सामान्य डॉ शॉन बारबेला ने अमेरिकी राष्ट्रपति की हेल्थ रिपोर्ट में कहा, ट्रंप का शारीरिक स्वास्थ्य एकदम ठीक है। उनका दिल, फेफड़े, नर्वस सिस्टम और पूरा शरीर अच्छी और सामान्य स्थिति में है। गौरतलब है कि ट्रंप का सालाना हेल्थ चेक-अप 26 मई को हुआ था।

# ईरान का दावा- मार गिराया अमेरिका का एमक्यू-1 ड्रोन; ट्रंप बोले- मुझे समझौते की जल्दी नहीं

**तेहरान, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष अब चौथे महीने में प्रवेश करने वाला है। दुनियाभर के देशों की ओर से ईरान के साथ अमेरिका-इस्राइल के बीच छिड़ी इस जंग का कूटनीतिक हल निकालने की तमाम कोशिशें बेनतीजा रही हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में एक ओर ईरान और अमेरिका के बीच पर्दे के पीछे शांति समझौते की सुगबुगाहट तेज थी। हालांकि, बीते कुछ दिनों में जमीनी हालात पूरी तरह बदल गए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से दक्षिणी ईरान में की गई ताजा सैन्य कार्रवाई ने चल रहे युद्धविराम को बेहद नाजुक मोड़ पर ला खड़ा किया है। डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी शर्तों, ईरान के पलटवार, पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशों और यूएई समेत खाड़ी देशों की बढ़ती बेचैनी के बीच पश्चिम एशिया के पल-पल बदलते घटनाक्रम की जानकारी के लिए बने रहिए अमर उजाला के साथ...



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बोले- ईरान के साथ समझौता करने की कोई जल्दी नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि उन्हें ईरान के साथ समझौता करने की कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक शानदार समझौता करेगा, और अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम वापस जाकर इसे सैन्य रूप से खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि वह समझौता करना पसंद करेंगे, क्योंकि इससे कई जानें बचेंगी और हम हस्ताक्षर करते ही होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोल सकते हैं। उन्होंने ईरान के नेतृत्व को बहुत सख्त वार्ताकार बताते हुए कहा कि अमेरिका धीरे-धीरे अपनी मनचाही चीजें हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा, 'इसमें काफी समय लगता है। मुझे कोई जल्दी नहीं है। अगर आप जल्दी में रहेंगे, तो आप कोई अच्छा सौदा नहीं कर पाएंगे। धीरे-धीरे, लेकिन निश्चित रूप से, मुझे लगता है कि हमें वह मिल रहा है जो हम चाहते हैं, और अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे किसी और तरीके से खत्म करेंगे।'

**ईरान की ओर बढ़ रहे मालवाहक जहाज को अमेरिकी सेना ने निष्क्रिय किया: सेंटकॉम :** अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा है कि उसने गाम्बिया के झंडे वाले एक समुद्री जहाज को निष्क्रिय कर दिया, जो ईरान के एक बंदरगाह की ओर जा रहा था। सेंटकॉम ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा, 'सेंटकॉम बलों ने एम/वी लियान स्टार को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र से होकर ओमान की खाड़ी में स्थित एक ईरानी बंदरगाह की ओर जाते हुए देखा। जहाज को 20 से ज्यादा चेतावनियां दी गईं और उसे बताया गया कि वह अमेरिकी नाकाबंदी का उल्लंघन कर रहा है।' बयान के अनुसार, 'जब लियान स्टार के चालक दल ने निर्देशों का पालन नहीं किया, तो एक अमेरिकी विमान ने जहाज के इंजन कक्ष पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे निष्क्रिय कर दिया। अब यह जहाज ईरान की ओर आगे नहीं बढ़ रहा है।' समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेंटकॉम ने कहा कि इस नौसैनिक नाकाबंदी के दौरान अमेरिकी सेना अब तक कुल पांच वाणिज्यिक जहाजों को निष्क्रिय कर चुकी है और 116 जहाजों का रास्ता बदल चुकी है।

ईरान-अमेरिका तनाव बरकरार, आईआरजीसी ने अमेरिकी ड्रोन मार गिराने का दावा किया ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार को एक बयान में कहा कि उसने अमेरिका के एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया है। यह जानकारी इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह ड्रोन कथित तौर पर ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में दाखिल हुआ था। आईआरजीसी ने कहा कि ड्रोन का तुरंत पता लगा लिया गया और उसे वायु रक्षा मिसाइलों से गिरा दिया गया। इससे पहले मंगलवार को आईआरजीसी ने कहा था कि अगर अमेरिका युद्धविराम (सीजफायर) का उल्लंघन करता है, तो उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का 'वैध और निश्चित' अधिकार सुरक्षित है। आईआरजीसी ने दावा किया था कि उसकी वायु रक्षा इकाइयों ने अमेरिका के एमक्यू-9 ड्रोन को भी मार गिराया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसने एक लड़ाकू विमान पर फायरिंग की, जो कथित तौर पर ईरानी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका ने कहा है कि उसने ईरान पर नए 'आत्मरक्षा संबंधी हमले' किए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, सोमवार को अमेरिकी सेना ने दक्षिणी ईरान में मिसाइल लॉन्च साइटों और बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश कर रही नौकाओं को निशाना बनाकर हमला किया। सेंटकॉम के प्रवक्ता टिम हॉकिन्स ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी बलों ने दक्षिणी ईरान में आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की है ताकि ईरानी बलों से पैदा होने वाले खतरों से अपने सैनिकों की रक्षा की जा सके।

## ग्रीन कार्ड पर यूएस ने दी राहत: सभी प्रवासियों को देश छोड़ने की नहीं होगी जरूरत,

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने ग्रीन कार्ड (स्थायी निवास) के लिए आवेदन करने वाले लाखों प्रवासियों को बड़ी राहत दी है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने स्पष्ट किया है कि ग्रीन कार्ड पाने के इच्छुक सभी लोगों को आवेदन प्रक्रिया पूरी होने तक अपने मूल देश लौटने की जरूरत नहीं होगी। दरअसल, हाल ही में अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) के एक मेमो को लेकर यह आशंका पैदा हो गई थी कि अमेरिका में रह रहे लोग यदि ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करेंगे तो उन्हें अपने देश वापस जाकर वहीं इंतजार करना होगा। इस खबर के बाद प्रवासी समुदाय, खासकर भारतीयों में चिंता बढ़ गई थी। हालांकि अब डीएचएस ने कहा है कि 22 मई को जारी किया गया मेमो कोई नया नियम या व्यापक नीति परिवर्तन नहीं है। विभाग के अनुसार यह केवल अधिकारियों को उनके विवेकाधिकार की याद दिलाने के लिए जारी किया गया था, जो पहले से ही मौजूद है। इसका मतलब है कि हर मामले का फैसला अलग-अलग परिस्थितियों को देखते हुए किया जाएगा। डीएचएस के प्रवक्ता ने बताया कि यह निर्णय संबंधित आव्रजन अधिकारी पर निर्भर करेगा कि किसी व्यक्ति को ग्रीन कार्ड प्रक्रिया के दौरान अमेरिका में रहने दिया जाए या उसे विदेश जाकर प्रक्रिया पूरी करने को कहा जाए। विशेष रूप से वीजा अवधि से अधिक समय तक अमेरिका में रहने वाले लोगों या कुछ विशेष श्रेणी के मामलों में यह नियम लागू हो सकता है। हालांकि सरकार के इस स्पष्टीकरण के बावजूद आव्रजन कानून विशेषज्ञ अभी भी इंतजार करो और देखो की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक इस नीति के व्यावहारिक प्रभाव और विस्तृत दिशा-निर्देश सामने नहीं आते, तब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं मानी जा सकती। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी कहा है कि यह कदम केवल प्रशासनिक प्रक्रिया को व्यवस्थित करने के लिए उठाया गया था, न कि आव्रजन नीति में किसी बड़े बदलाव के लिए। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 में लगभग 14 लाख लोगों को ग्रीन कार्ड मिला था। इनमें से 8.2 लाख से अधिक लोगों को अमेरिका के भीतर ही 'एडजस्टमेंट ऑफ स्टेटस' प्रक्रिया के जरिए स्थायी निवास की मंजूरी मिली थी। पिछले दो दशकों में हर साल औसतन पांच लाख से अधिक लोगों को इसी प्रक्रिया के माध्यम से ग्रीन कार्ड प्राप्त हुआ है। इस मुद्दे का भारतीय समुदाय पर भी बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। अनुमान के अनुसार हर साल 30,000 से अधिक भारतीय Ⅱ-1क्क वीजा धारक ग्रीन कार्ड की पात्रता प्राप्त करते हैं। भारतीय मूल के लोगों के संगठन इंडियासपोरा के कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा का कहना है कि भारतीय मूल के प्रवासी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

## वायु सेना के जहाजों से नहीं रुकेगा पेपर लीक, सिस्टम सुधारें', केजरीवाल का केंद्र पर हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पेपर लीक होने से रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों को निष्प्रभावी बताया है। केजरीवाल ने इस मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। केजरीवाल ने कहा कि सरकार कह रही है कि नीट में पेपर लीक रोकने के लिए वायु सेना के जहाज इस्तेमाल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्या इससे पेपर लीक रूकेगा? उन्होंने कहा कि इसके लिए सिस्टम ठीक करना होगा, कहा कि अगर सिस्टम को ठीक करना है तो सबको मिलकर कुछ करना होगा, अकेले किसी के कुछ करने से नहीं होगा। शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर केजरीवाल ने कहा कि मैं खुद आइआइटी से इंजीनियर हूं, इसलिए शिक्षा के महत्व को समझता हूं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता।

**सिस्टम को ठीक करने का सरकार का कोई इरादा नहीं: केजरीवाल :** उन्होंने कहा कि कहा कि शुक्रवार को हमारे



देश की सरकार ने एलान किया है कि अब नीट के पेपर को लीक होने से बचाने के लिए एयरफोर्स के जहाज और एयरफोर्स के बुलेट प्रूफ ट्रकों से उसे ट्रांसपोर्ट करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि पूरी दुनिया में इतने बड़े-बड़े पेपर होते हैं, लेकिन क्या कहीं सुना है कि एयरफोर्स से उन्हें ट्रांसपोर्ट किया जाता है? केजरीवाल ने कहा कि सिस्टम को ठीक करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। अगर कोई अच्छी नीयत वाली सरकार होती, तो वह देखती कि लीकेज कहां से हो रही है और उसे प्लग करती।

## अगले 27 साल तक राज करना है तो...', सीएम रेखा गुप्ता ने कार्यकर्ताओं और नेताओं से किया आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को अलीपुर में चांदनी चौक एवं केशवपुरम जिलों में रात्रि प्रवास प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ हुए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 साल बाद दिल्ली में सरकार आई है और हम सब के जीवनकाल में अगले 27 साल तक इसको बनाए रखना है तो हमें केन्द्र एवं दिल्ली सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक ले जाना है। चांदनी चौक जिले के प्रथम सत्र का शुभारंभ दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने किया। इससे पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर लगी संगठन यात्रा एवं तीनों सरकारों की सफलता की प्रदर्शनी का उद्घाटन चांदनी चौक से लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल एवं जिलाध्यक्ष अरविंद



गर्ग उपस्थित रहे। केशवपुरम जिले के प्रशिक्षण शिविर एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन दिल्ली में प्रशिक्षण टोली के सहप्रमुख डॉ. सुमित भसीन ने किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हमारा इतिहास विकास एवं सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका विषयों पर अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने कहा की संगठन हमें निरंतर नई सीख देता है, चाहें भाजपा को सत्ता में लाना हो या विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाना हो, हमारे यह दोनों सफर शून्य से शुरू हुए और शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में लाखों कार्यकर्ताओं ने इन्हें पूर्ण किया है। भाजपा का इतिहास भी उज्जवल था एवं भविष्य भी उज्जवल रहेगा, जिसका मूल कारण है हमारे कार्यकर्ताओं का राष्ट्रवाद का भाव, समर्पण भाव, संगठन विस्तार भाव, त्याग बलिदान का भाव और हमारा सुशासन। दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने कहा कि आरएसएस के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार हों या जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस में बढ़ती राष्ट्र प्रेम की कमी को देखते हुए कांग्रेस एवं सरकार के पद छोड़कर आरएसएस एवं जनसंघ की स्थापना की और राष्ट्रवाद एवं संस्कृतिक विकास को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय के दिए सिद्धांतों पर चलकर भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। इस अवसर पर विभिन्न सत्रों को सांसद प्रवीन खंडेलवाल, बांसुरी स्वराज, प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह एवं कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, विधायक राजकुमार भाटिया, वरिष्ठ नेता सुभाष सचदेवा, पूर्व महापौर जयप्रकाश प्रकाश ने संबोधित किया।

## दिल्ली चिड़ियाघर में जानवरों के लिए विशेष समर प्लान, गर्मी से राहत के पुख्ता इंतजाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में बढ़ती गर्मी और लू के बीच चिड़ियाघर ने जानवरों को राहत देने के लिए विशेष समर प्लान लागू किया है। इसके तहत बाघ, शेर और भालू जैसे जानवरों के लिए दो शिफ्ट व्यवस्था शुरू की गई है, जबकि विभिन्न बाड़ों में स्प्रिंकलर, वाटर कूलर, जलकुंड और छायादार आश्रयों की संख्या बढ़ाई गई है। चिड़ियाघर निदेशक डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि बाघ, शेर और भालुओं को सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक व दोपहर एक बजे के बाद अलग-अलग शिफ्ट में बाड़ों का उपयोग कराया जा रहा है। इससे जानवरों को लंबे समय तक तेज धूप में रहने से बचाने के साथ-साथ ठंडे स्थानों और जलकुंडों तक पर्याप्त पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

**सभी प्रमुख बाड़ों में स्प्रिंकलर और वाटर कूलर चालू :** उन्होंने




बताया कि सभी प्रमुख बाड़ों में स्प्रिंकलर और वाटर कूलर चालू हैं। बाघ, शेर और तेंदुओं के बाड़ों में पानी के छिड़काव की व्यवस्था की गई है, जबकि जलकुंडों पर शेड लगाए गए हैं ताकि पानी अधिक गर्म न हो। कई बाड़ों में हरी मैट बिछाई गई हैं और बांस, फूस व घास से बने आश्रय तैयार किए गए हैं। हाथियों, नीलगाय और हिरणों जैसे शाकाहारी जानवरों के बाड़ों में भी स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। हाथियों और गैंडों को दिन में कई बार पानी से नहलाया जा रहा है। सांभर और बारहसिंगा के जलकुंडों की नियमित सफाई और उनमें ताजा पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

**सरीसृपों और पक्षियों के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए :** सरीसृपों और पक्षियों के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। मगरमच्छ और कछुओं के बाड़ों पर छाया की व्यवस्था की गई है, जबकि सांपों के बाड़ों में तापमान नियंत्रित रखने के लिए गीले टाट और थर्मामीटर का उपयोग किया जा रहा है। पक्षी बाड़ों में दिनभर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। जानवरों को अतिरिक्त राहत देने के लिए प्राइमेट्स को रोजाना फलों से बने आइस बाल दिए जा रहे हैं, जबकि भालुओं को बड़े बर्फ के ब्लाक और फ्रूट आइस क्यूब्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। चिड़ियाघर प्रशासन का कहना है कि भीषण गर्मी के दौरान पशु चिकित्सकों और देखभाल कर्मियों की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

## होर्मुज पर स्थायी टोल का कतर ने किया विरोध, कहा-बढ़ेगी महंगाई; अस्थायी शुल्क पर बातचीत को तैयार

**दोहा / सिंगापुर, एजेंसी।** कतर ने साफ कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर स्थायी शुल्क या टोल लगाना उचित नहीं होगा, क्योंकि इसका सीधा असर दुनिया भर के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा और वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएंगी। हालांकि, कतर ने यह भी संकेत दिया है कि समुद्री सुरक्षा या बारूदी सुरंगों को हटाने जैसे विशेष और अस्थायी कार्यों के लिए सीमित अवधि के शुल्क पर बातचीत की जा सकती है। सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन शांगरी-ला डायलॉग के दौरान कतर के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मामलों के राज्य मंत्री शेख सऊद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने कहा कि खाड़ी देशों का मानना है कि किसी भी प्रकार का स्थायी शुल्क अंततः उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालेगा। इसलिए कतर और उसके सहयोगी देश ऐसे किसी भी लंबे समय तक चलने वाले शुल्क ढांचे का विरोध करते हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल और गैस का व्यापार होता है। इसी बीच ईरान और ओमान समुद्री यातायात को नियंत्रित करने के संभावित ढांचे पर बातचीत कर रहे हैं। तनाव तब और बढ़ गया जब ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र ने जलमार्ग में एक संदिग्ध तैरती हुई वस्तु मिलने की सूचना दी, जिसे नौसैनिक बारूदी सुरंग माना जा रहा है। अधिकारियों ने मछुआरों और जहाजों को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु की तुरंत सूचना देने की सलाह दी है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने भी चेतावनी दी है कि होर्मुज क्षेत्र में खतरे का स्तर अभी भी बेहद ऊंचा बना हुआ है। अमेरिकी नौसैनिक गतिविधियों और क्षेत्र में बढ़ती सैन्य मौजूदगी के कारण व्यापारिक जहाजों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। ब्रिटेन की समुद्री व्यापार संचालन एजेंसी ने भी जहाजों को अधिक नौसैनिक गश्त, रेडियो संपर्क और बंदरगाहों के पास भीड़भाड़ के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। इस बीच ईरान और अमेरिका के बीच तनाव भी कम होने के संकेत नहीं मिल रहे हैं। ईरानी नेताओं ने अमेरिका पर बातचीत को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जबकि अमेरिका का कहना है कि जरूरत पड़ने पर वह दोबारा सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान होर्मुज मार्ग को बिना किसी टोल के खोलने और समुद्री सुरंगों को हटाने के लिए तैयार है, लेकिन तेहरान ने इन दावों को खारिज कर दिया। ईरान का कहना है कि अभी तक कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है। वहीं, ईरानी संसद में होर्मुज जलडमरूमध्य पर देश के नियंत्रण और प्रबंधन को मजबूत करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना जताई जा रही है। दूसरी ओर, अमेरिकी नौसैनिक प्रतिबंध और निगरानी अभियान अभी भी जारी हैं।

## अमेरिका का ऑफर: ईरान को मिल सकता है 29 लाख करोड़ का फंड, पर एटमी प्रोग्राम पर पेच अब भी फंसा!

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान में प्रस्तावित 60 दिन के युद्धविराम समझौते के तहत ईरान को बड़े पुनर्निर्माण पैकेज की पेशकश की गई है। यदि दोनों देशों के बीच अंतिम समझौता होता है तो ईरान को 300 अरब डॉलर (करीब 29 लाख करोड़ रुपये) तक का पुनर्निर्माण कोष उपलब्ध कराया जा सकता है। अमेरिकी कंपनियों को ईरान में निवेश की अनुमति देने पर भी विचार चल रहा है। एक ईरानी अधिकारी ने इस प्रस्ताव को पुनर्निर्माण कार्यक्रम का हिस्सा बताया है। उसने कहा, अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर के बाद ईरान को आर्थिक मदद का आश्वासन दिया जाएगा। माना जा रहा है कि लंबे संघर्ष के बाद ईरानी अर्थव्यवस्था को मजबूत का यह पैकेज है।?

**ईरान ने ट्रंप के दावे को किया खारिज :** हालांकि ईरान ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि फिलहाल परमाणु मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं चल रही है। उन्होंने संकेत दिया कि दोनों देशों के बीच वार्ता के बारे में कई दावे वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाते।

**ट्रंप का दावा- दोनों देश समझौते के करीब पहुंचे :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि दोनों देश एटमी कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों पर समझौते के करीब पहुंच गए हैं। प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा व उच्च संवर्धित यूरेनियम का निपटान करेगा।

**मसौदे में होर्मुज स्ट्रेट को एक महीने के भीतर बहाल करने का है प्रस्ताव :** मसौदे में पश्चिम एशिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को फिर से पूरी तरह खोलने का प्रस्ताव है। इसके तहत ईरान एक माह में समुद्री यातायात युद्ध से पहले के स्तर पर लाएगा। ईरान जलमार्ग में बिछाई गई समुद्री माइंस हटाएगा और जहाजों से किसी तरह का टोल नहीं



वसूलेगा। बदले में अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाने व प्रतिबंधों में राहत देने पर विचार करेगा। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते तथा पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों ने वैश्विक वित्तीय बाजारों को राहत दी है। अमेरिकी शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब पहुंच गया है, लेकिन अर्थव्यवस्था के कई प्रमुख संकेतक बताते हैं कि आम अमेरिकी परिवार अब भी बढ़ती ऊर्जा लागत, घटती वास्तविक आय और कम होती बचत की चुनौती से जूझ रहे हैं। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ईरान युद्ध का असर युद्ध की आंच धीमी होने पर भीअमेरिकी समाज में आर्थिक असमानता को और स्पष्ट कर रहा है।

युद्ध शुरू होने के बाद एसएंडपी 500 सूचकांक में 8% की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन मार्च के अंत से इसमें 19% की तेजी आई। इससे बाजार ने शुरुआती क्षति की भरपाई की और इस वर्ष अब तक 10.7% की बढ़त हासिल कर ली है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि शेयर बाजार में तेजी का लाभ मुख्य रूप से निवेशकों और संपत्ति धारकों को मिलता है, जबकि बड़ी आबादी पर महंगाई का दबाव बना रहता है। अमेरिकी ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक एनालिसिस के आंकड़ों के अनुसार मार्च में वास्तविक डिस्पोजेबल आय 0.2% और अप्रैल में 0.5% घटी। वास्तविक डिस्पोजेबल आय महंगाई का प्रभाव समायोजित करने के बाद लोगों के पास खर्च के लिए बचती है।

# मनु और सम्राट ने जीता रजत

**विश्वकप में भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा**



**म्यूनिख, एजेंसी।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सम्राट राणा की जोड़ी ने शनिवार को आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय जोड़ी को चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन याओ कियानशुन और हू काई ने बेहद करीबी मुकाबले में मात्र 0.3 अंक के अंतर से हराया। इस रजत पदक के साथ भारत ने प्रतियोगिता का समापन दो स्वर्ण और दो रजत पदकों के साथ किया और पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर रहा।

## फाइनल में रोमांचक मुकाबला

फाइनल की शुरुआत भारतीय जोड़ी के लिए धीमी रही। पहले पांच-पांच शॉट्स की सीरीज के बाद भारत 100.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर था। सम्राट ने 51.0 और मनु ने 49.0 अंक बनाए। दूसरी सीरीज में मनु ने शानदार वापसी करते हुए 51.5 अंक जुटाए, जबकि सम्राट ने 49.9 अंक हासिल किए। इसके बाद भारतीय जोड़ी दूसरे स्थान पर पहुंच गई। तीसरी सीरीज के बाद भारत ने चीन से अंतर घटाकर सिर्फ 0.1 अंक कर दिया। मनु ने 51.8 और सम्राट ने 50.7 अंक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहली एलिमिनेशन सीरीज के बाद भारतीय जोड़ी ने 2.2 अंकों की बढ़त बना ली थी। मनु ने 30.9 और सम्राट ने 30.5 अंक हासिल किए, जबकि चीनी जोड़ी दबाव में दिखाई दी।हालांकि, अगले चरण में सम्राट के 31.2 अंकों के बावजूद मनु के कुछ कमजोर शॉट्स के कारण चीन ने वापसी कर ली। 21वें शॉट के बाद भारत की 2.2 अंकों की बढ़त खत्म हो गई और चीनी जोड़ी 0.2 अंक आगे निकल गई। अंतिम सीरीज में मनु ने 10.6 का शानदार शॉट लगाया, लेकिन सम्राट केवल 8.8 अंक ही जुटा सके। इसके बाद चीन ने बढ़त बनाए रखी और भारतीय जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चीन की दूसरी जोड़ी शेन यीहाओ और बू शुआइहांग ने कांस्य पदक जीता।

## क्वालिफिकेशन में दूसरी भारतीय जोड़ी 10वें स्थान पर

क्वालिफिकेशन राउंड में भारत की दूसरी जोड़ी सुरुची सिंह और श्रवण कुमार 575-20× के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रही। सुरुची ने 291-11× और श्रवण ने 284-9× का स्कोर किया।दिन के पहले सत्र में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय जोड़ियां पदक दौर में जगह नहीं बना सकीं। एलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बाबूता की जोड़ी 630.0 अंकों के साथ 14वें स्थान पर रही। आर्या बोर्से और शाहू तुषार माने की जोड़ी 629.6 अंकों के साथ 16वें स्थान पर रही। इस स्पर्धा में चीन के वांग जिफेई और शेंग लिहाओ ने स्वर्ण पदक जीता। नॉर्वे की जैनेट हेग डुएस्टैड और जॉन-हर्मन हेग ने रजत, जबकि चीन की हान जियायु और मा सिहान की जोड़ी ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

**डायने पैरी ने अमांडा अनिसिमोवा को**

# कोको गॉफ का अभियान समाप्त नाओमी ओसाका अगले दौर में

**पेरिस, एजेंसी।** मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ का फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में खिताब का बचाव करने का सफर तीसरे दौर में ही थम गया लेकिन नाओमी ओसाका ने अपना शानदार अभियान जारी रखा। गॉफ को इस मैच में एक ऐसी खिलाड़ी ने पराजित किया जिसने लंबी बेसलाइन रैलियों और कोर्ट कवरेज में इस अमेरिकी खिलाड़ी का डटकर मुकाबला किया। यह खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा थीं, जिन्होंने शनिवार को तीसरे दौर में गॉफ पर 4-6, 7-6 (1), 6-4 से जीत हासिल की।

इससे पहले ओसाका ने अपने 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में लगभग तीन घंटे में 18 वर्षीय अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी इवा जोविक को 7-6 (5), 6-7 (3), 6-4 से हराया। ओसाका का अगला मुकाबला नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका से होगा जिन्होंने डारिया कसाटकिना को 6-0, 7-5 से हराया।

## फिर से जीत दर्ज की

इसके अलावा जुआन मैनुअल ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर को हराने के बाद फिर से पांच सेट की जीत दर्ज की। उन्होंने मार्टिन लैंडालुस को पांच घंटे, 58 मिनट में 6-4, 6-7 (7), 7-6 (4), 6-7 (4), 7-6 (8) से हराया। जुआन का अगला मुकाबला 2021 में विंबलडन के फाइनलिस्ट रहे माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्हें फ्रांसिस्को कोमेसाना को 7-6 (3), 5-7, 6-7 (4), 6-4, 7-6 (13) से हराने में पांच घंटे, 13 मिनट लगे।

## चौथे राउंड में जगह बनाई

वहीं, फ्रेंच ओपन 2026 में उलटफेर का दौर जारी है। फ्रांस की डायने पैरी ने शनिवार को छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में जगह बनाई। इस साल के फ्रेंच ओपन से पहले पैरी पांच बार ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में पहुंची थीं, लेकिन कभी भी अंतिम-16 में जगह नहीं बना पाई थीं। शनिवार को कोर्ट फिलिप-शैट्रिए पर पेरिस की शोरगुल भरी भीड़ के सामने खेलते हुए पैरी ने अमांडा अनिसिमोवा को दो घंटे 44 मिनट तक चले तीन सेट के मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराया। पुरुष वर्ग में अलेजांद्रो तबिलो ने 17 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी मोइसे कौमे को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 (9) से पराजित किया।



# अभय और चोटरानी ब्रिटिश ओपन स्क्वाश के अगले दौर में

**बर्मिंघम।** विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने कोलंबिया के मैटियस नुडसेन को 11-8, 11-5, 11-4 से, जबकि विश्व में 44वें नंबर के खिलाड़ी चोटरानी ने पाकिस्तान के नूर जमां को 11-8, 12-14, 11-6, 11-7 से हराया। टंडन फ्रांसीसी खिलाड़ी ऑगस्टे डुसोर्ड के खिलाफ मैच के बीच से हट गए। उस समय यह भारतीय खिलाड़ी 14-12, 4-7 से पीछे चल रहा था। महिला वर्ग में विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत मिस्र की विश्व में 36वें नंबर की खिलाड़ी नार्डिन गारास से हार गईं। गारास ने यह मैच 11-8, 8-11, 11-8, 11-9 से जीता।

## 1000वें वनडे में पाकिस्तान की जीत, ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया; मिन्हास का कमाल



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने शनिवार को खेले गए पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में 21 वर्षीय स्पिनर अराफात मिन्हास ने अपने वनडे डेब्यू को यादगार बनाते हुए पांच विकेट झटके और पाकिस्तान की जीत के नायक बने। यह मुकाबला पाकिस्तान के वनडे इतिहास का 1000वां मैच भी था। इसके साथ ही पाकिस्तान भारत (1075) और ऑस्ट्रेलिया (1020) के बाद 1000 वनडे खेलने वाला दुनिया का तीसरा देश बन गया।

### डेब्यू मैच में मिन्हास का ऐतिहासिक प्रदर्शन

बाएं हाथ के स्पिनर अराफात मिन्हास ने 32 रन देकर पांच विकेट लिए और वनडे डेब्यू में पांच विकेट लेने वाले पाकिस्तान के पहले गेंदबाज बन गए। स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। मिन्हास को अबरार अहमद (2/44) और सलमान अली आगा (1/21) का भी अच्छा साथ मिला। उनकी शानदार गेंदबाजी के चलते ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 44.1 ओवर में 200 रन पर सिमट गई। मिन्हास ने मैच के बाद कहा, 'दबाव तो था, लेकिन मुझे ऐसे माहौल का आनंद लेना पसंद है। मेरा पूरा ध्यान इस मौके का भरपूर फायदा उठाने पर था।' टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। मिन्हास ने कप्तान जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन और कैमरून ग्रीन को जल्दी आउट कर ऑस्ट्रेलिया को मुश्किल में डाल दिया। एक समय टीम 16वें ओवर में 68 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट ने 55 रन बनाए, जबकि मैथ्यू रेनशॉ 61 रन के साथ टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। हालांकि कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और पूरी टीम 200 रन पर आउट हो गई।

# ऑटो चालक के बेटे अभय दुबे ने हांगकांग में रचा इतिहास एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता कांस्य



**4400 मीटर रिले में भारत को दिलाया पदक, वाराणसी में खुशी की लहर**

एजेंसी

**वाराणसी।** दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और अथक संघर्ष के बल पर वाराणसी के युवा धावक अभय कुमार दुबे ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार सफलता हासिल कर शहर और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। ऑटो चालक के बेटे अभय ने हांगकांग में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर-20 में पुरुष 4400 मीटर रिले स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। भारतीय पुरुष 4400 मीटर रिले टीम के सदस्य अभय और उनके साथियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 मिनट 05.54 सेकेंड का समय निकाला तथा तीसरा स्थान हासिल कर भारत की झोली में कांस्य पदक डाला। इस उपलब्धि के साथ अभय लंबे समय बाद अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले वाराणसी के चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।



अभय की सफलता की कहानी संघर्ष और प्रेरणा से भरी है। वाराणसी के परमानंदपुर स्थित विकास इंटर कॉलेज के छात्र अभय सीमित संसाधनों वाले परिवार से आते हैं। उनके पिता प्रेम चंद्र दुबे ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अभय ने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया और लगातार मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने अभय की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि अभय की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य खिलाड़ियों को भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी। हांगकांग से लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। अभय पिछले चार वर्षों से डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल, बड़ा लालपुर में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें क्रीड़ा अधिकारी एवं प्रशिक्षक डॉ. मंजूर आलम अंसारी का मार्गदर्शन मिला, जिसकी बदौलत उन्होंने राष्ट्रीय और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अभय की इस ऐतिहासिक सफलता से वाराणसी सहित पूरे पूर्वांचल में उत्साह का माहौल है। खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों और शिक्षकों ने इसे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के लिए एक नई प्रेरणा बताया है। इस चैंपियनशिप में 30 पुरुषों और 18 महिलाओं सहित 48 सदस्यीय भारतीय दल भाग ले रहा है।

## महिला अंडर-18 एशिया कप में भारत ने कोरिया को 3-1 से हरा कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने रविवार को जापान के काकामिगाहारा में महिला अंडर-18 एशिया कप के पूल ए के अपने दूसरे मैच में कोरिया को 3-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। भारतीय टीम के लिए नौशीन नाज, श्रुति कुमारी और किरण एक्का ने गोल किए, जबकि कोरिया की ओर से ग्योंगमिन रियू ने एक मात्र गोल किया। मैच में भारतीय टीम ने शानदार शुरूआत की और पहले क्वार्टर में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया, जिसे नौशीन ने चौथे मिनट में गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने अपना आक्रमण जारी रखा और दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। 21वें मिनट में श्रुति ने शानदार फील्ड गोल दागकर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। हॉप टाइम के बाद कोरिया ने वापसी की कोशिश की और तीसरे क्वार्टर में 41वें मिनट में ग्योंगमिन रियू के गोल से स्कोर 2-1 हो गया।

# नॉर्वे शतरंज में गुकेश ने प्रज्ञानंद को हराया, दिव्या महिला वर्ग में शीर्ष पर पहुंचीं



**ओस्लो, एजेंसी।** ओस्लो में चल रहे नॉर्वे चेस 2026 टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष वर्ग में विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने ऑल-इंडियन मुकाबले में आर. प्रज्ञानंद को हराकर अहम जीत दर्ज की, जबकि महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने जीत हासिल कर अंक तालिका में एकल बढ़त बना ली। पांचवें दौर का सबसे चर्चित मुकाबला भारत के दो युवा ग्रैंडमास्टर्स गुकेश और प्रज्ञानंद के बीच खेला गया। मुकाबले के अधिकांश हिस्से में प्रज्ञानंद बेहतर स्थिति में नजर आए और उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा।हालांकि, अंतिम चरण में गुकेश ने मौके का फायदा उठाया। समय के दबाव और बढ़ते तनाव के बीच प्रज्ञानंद अपनी बढ़त को कायम नहीं रख सके। इसके बाद गुकेश ने स्थिति पर पूरी पकड़ बना ली और जीत दर्ज करने में सफल रहे। दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मुकाबला लंबे समय तक रणनीतिक लड़ाई के रूप में चला, लेकिन एंडगेम में वेस्ली सो ने धीरे-धीरे बढ़त हासिल कर ली। कार्लसन ने वापसी की कोशिश की, लेकिन वेस्ली सो ने अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी और क्लासिकल मुकाबले में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।दूसरे क्लासिकल मुकाबले में टूर्नामेंट के शीर्ष खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा और विन्सेंट कीमर के बीच खेल ड्रॉ रहा। इसके बाद हुए आर्मागेडन मुकाबले में फिरोजा ने जीत हासिल कर अतिरिक्त अंक अपने नाम किए और अंक तालिका में अपनी बढ़त को और मजबूत कर लिया।

महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने झू जिनर को हराकर दिन की एकमात्र क्लासिकल जीत दर्ज की। मुकाबला लंबे समय तक बराबरी का रहा, लेकिन समय की कमी वाले चरण में दिव्या ने शानदार खेल दिखाया और अपनी बढ़त को जीत में बदल दिया। इस जीत के साथ दिव्या टूर्नामेंट के दूसरे हिस्से में प्रवेश करने से पहले अंक तालिका में अकेले शीर्ष स्थान पर पहुंच गई हैं।

# पेरिस सेंट जर्मेन ने लगातार दूसरी बार जीता चैंपियंस लीग का खिताब

**पेरिस, एजेंसी।** बुडापेस्ट के पुस्कास एरेना में खेले गए यूईएफए चैंपियंस लीग 2025-26 के फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर लगातार दूसरी बार यूरोप का सबसे प्रतिष्ठित क्लब खिताब अपने नाम कर लिया। निर्धारित समय और एक्स्ट्रा टाइम तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ।

इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब जीतकर फाइनल में पहुंची आर्सेनल ने मुकाबले की तेज शुरुआत की। लिआंड्रो ट्रॉसार्ड ने पीएसजी की क्लियरेंस को रोका, जिसके बाद काई हैवर्ट्ज़ गेंद लेकर आगे बढ़े और कठिन कोण से शानदार फिनिश करते हुए टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी।

पहला गोल खाने के बावजूद पीएसजी दबाव में नहीं दिखा और उसने पहले हाफ के अधिकांश समय गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, गैब्रियल और विलियम सलीबा की अगुआई में आर्सेनल की रक्षापंक्ति ने उन्हें साफ मौके नहीं दिए। दूसरी ओर, आर्सेनल के पास बढ़त दोगुनी करने का अवसर भी आया, लेकिन मार्किन्होस ने अंतिम क्षणों में शानदार ब्लॉक कर हैवर्ट्ज को दूसरा गोल करने से रोक दिया।आर्सेनल पूरे टूर्नामेंट में मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन करता आया था और खिताब जीतने के लिए उसे सिर्फ क्लीन शीट की जरूरत थी। लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्थियन मोस्केरा ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया को पेनल्टी क्षेत्र में गिरा दिया, जिसके बाद रेफरी ने पेनल्टी दे दी। ओस्मान डेम्बेले ने स्पॉट किक पर डेविड राया को गलत दिशा में भेजते हुए गोल किया और पीएसजी को 1-1 की बराबरी दिला दी।



## नुकसान बना फायदा, भारत के एक्सपोर्ट में ट्विस्ट, गिरते रुपये में बाजी पलटने का दम देख रही सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर रुपये को अक्सर इकोनॉमिक स्ट्रेस यानी आर्थिक तनाव का संकेत माना जाता है। हालांकि, भारत के निर्यातकों के लिए यह अप्रत्याशित फायदे के तौर पर उभर सकता है। सरकार की ताजा आर्थिक समीक्षा में यह बात कही गई है। लेकिन, वित्त मंत्रालय ने आगाह किया है कि यह फायदा तभी मिलेगा जब ग्लोबल डिमांड मजबूत बनी रहे। साथ ही महंगाई को कंट्रोल में रखा जाए। मई महीने की अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में आर्थिक मामलों के विभाग ने तर्क दिया कि रुपये की हालिया गिरावट को केवल करेंसी की कमजोरी के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। इसके बजाय, उसने कहा कि कई सालों तक विनिमय दर के



ज्यादा होने के बाद इस बदलाव ने भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा को बेहतर बनाया है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'करेंसी की गिरावट को अंदरूनी कमजोरी के संकेत के तौर पर देखने की सोच समझ में आती है। लेकिन, इसकी बारीकी से जांच होनी चाहिए।' पिछले कुछ महीनों में भारतीय रुपया दबाव में आ गया है। इसके पीछे कई कारण हैं। इनमें कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का लगातार बाहर जाना और पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव शामिल है। समीक्षा के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारत की मुद्रा में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आई। पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद यह 4.9 प्रतिशत और कमजोर हो गई। 26 मई तक यह 95.7 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गई। फिर भी सरकार का तर्क है कि ज्यादा महत्वपूर्ण पैमाना नॉमिनल एक्सचेंज रेट नहीं, बल्कि रियल इफेक्टिव एक्सचेंज रेट है। यह व्यापारिक साझेदारों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा का ट्रेड-वेटेड और इनफ्लेशन-एडजस्टेड पैमाना है। अप्रैल 2026 में भारत का था। यह एक दशक से भी ज्यादा समय में सबसे निचला स्तर था। 100 के मानक स्तर से यह काफी नीचे था। रिपोर्ट में बताया गया कि नवंबर 2024 में कई सालों के सबसे ऊंचे स्तर 108.03 पर पहुंच गया था। इससे हालिया सुधार से पहले वैश्विक बाजारों में भारतीय सामान कम प्रतिस्पर्धी हो गए थे। समीक्षा में कहा गया है, 'अब जब भारत का औसत से नीचे है तो भारतीय सामान और सेवाओं की कीमतें वास्तविक रूप से पिछले एक दशक में किसी भी समय की तुलना में ज्यादा प्रतिस्पर्धी हैं।'

### कमजोर करेंसी को लेकर चेतावनी भी

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि रुपये में 1 प्रतिशत की गिरावट से मध्यम अवधि में भारत के माल व्यापार (मर्चेंडाइज ट्रेड) संतुलन में 1.45 प्रतिशत का सुधार हो सकता है। हालांकि, समीक्षा में इस धारणा के प्रति भी आगाह किया गया है कि कमजोर करेंसी का मतलब अपने आप ही ज्यादा निर्यात होना है। इसमें कहा गया है, 'दूसरी शर्त ग्लोबल मांग है।

एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 171.55 अंक लुढ़का

# मुकेश अंबानी की रिलायंस को 46,078.30 करोड़ की चपत, दो सरकारी कंपनियों को फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में पिछले हफ्ते ओवरऑल गिरावट रही। इस बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कुल 639.61 अंक यानी 0.84 प्रतिशत और एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत नीचे आ गया। इस गिरावट का असर देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों पर भी देखने को मिला। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में सामूहिक रूप से कुल 1.54 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, एसबीआई, लार्सन एंड टुब्रो और




एलआईसी का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया।

**रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान:** रिलायंस का मार्केट कैप 46,078.30 करोड़ रुपये घटकर 17,87,039.40 करोड़ रुपये रह गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 33,333.06 करोड़ रुपये घटकर 11,46,641.84 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत भी 25,408.96 करोड़ रुपये कम होकर 11,14,886.53 करोड़ रुपये पर आ गई। टीसीएस का मूल्यांकन 22,920.58 करोड़ रुपये घटकर 8,15,480.75 करोड़ रुपये रहा।

इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 13,169.46 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 5,04,210.54 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन भी 7,253.24 करोड़ रुपये घटकर 5,63,262.33 करोड़ रुपये रह गया। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन भी 6,311.41 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 9,00,589.91 करोड़ रुपये रह गया।

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में गिरावट इन कंपनियों का कुल 1.54 लाख करोड़ का मार्केट कैप स्वाहा रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा 46,078.30 करोड़ का नुकसान एसबीआई, एलआईसी और लार्सन एंड टुब्रो के मार्केट कैप में तेजी नौ कंपनियों ने गंवाए 2.18 लाख करोड़ रुपये, पिछले हफ्ते केवल एक कंपनी को हुआ फायदा

### एसबीआई और एलआईसी में उछाल

इस रुख के उलट लार्सन एंड टुब्रो की बाजार हैसियत पिछले सप्ताह 20,608.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,60,836.64 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस दौरान एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 13,753.62 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 8,89,831.54 रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत भी 6,040.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,20,484.06 करोड़ रुपये हो गई। इस उतार-चढ़ाव के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# सरकार ने फ्यूल एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स में कटौती की

## कच्चे तेल में गिरावट के बीच पेट्रोल-डीजल पर सरकार का फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे तेल की कीमत में गिरावट के बीच सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने फ्यूल एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। पेट्रोल, डीजल और एटीएफ यानी विमान ईंधन पर एक्पोर्ट ड्यूटी में कमी की गई है। यह व्यवस्था 1 जून से शुरू होगी और अगले 15 दिनों तक जारी रहेगी। पेट्रोल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है जबकि डीजल पर यह 13.5 रुपये और एटीएफ पर 9.5 रुपये प्रति लीटर होगी। सरकार हर 15 दिन में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी की समीक्षा करती है। कच्चे तेल की कीमत के आधार पर इसे तय किया जाता है। सरकारी नोटिफिकेशन के मुताबिक पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर 1.5 रुपये प्रति लीटर स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी रहेगी और रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर सेस लागू नहीं होगा। पहले यह 3 रुपये थी। इसी तरह डीजल के एक्सपोर्ट पर ह्स्श्लष्ठ प्रति लीटर 16.5 रुपये से घटाकर 13.5 रुपये और एटीएफ पर 16 रुपये से घटाकर 9.5 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। सरकार ने साथ ही साफ किया है कि घरेलू बाजार में मौजूदा एक्साइज ड्यूटी के रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




देश में पहली बार जुलाई 2022 में विंडफॉल टैक्स की शुरुआत की गई थी। ईरान युद्ध के कारण दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई बाधित हुई है जिससे कीमतों में काफी तेजी आई। सरकार ने देश में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की उपलब्धता बनाए रखने के लिए 27 मार्च को एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाई थी। विंडफॉल टैक्स से रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े प्राइवेट रिफाइनर्स प्रभावित होते हैं। रिलायंस बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थों का एक्सपोर्ट करती है। रिलायंस देश में डीजल और एटीएफ की बड़ी एक्सपोर्टर है। जामनगर में उसकी दो रिफाइनरीज में करीब 5 मिलियन टन एटीएफ का उत्पादन होता है जो देश के कुल उत्पादन का करीब एक चौथाई है। इसका एक बड़ा हिस्सा एक्सपोर्ट किया जाता है। साथ ही ओएनजीसी और ऑयल इंडिया भी फ्यूल प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट करती हैं।

### कच्चे तेल की कीमत

इस बीच 6 मार्च के बाद शुक्रवार को पहली बार इंडियन ऑयल बास्केट की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई। पिछले हफ्ते कच्चे तेल की कीमत में 11 फीसदी गिरावट आई है। भारतीय रिफाइनर्स के लिए कच्चे तेल की कीमत शुक्रवार को 97.52 डॉलर प्रति बैरल रह गई जबकि बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 91.12 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

### केंद्रीय वेतन आयोग ने मेमोरेंडम जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आप केंद्र सरकार के कर्मचारी हैं तो ये खबर आपके फायदे की हो सकती है। दरअसल, 8वें केंद्रीय वेतन आयोग ने मेमोरेंडम जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब नई तारीख 15 जून 2026 होगी। यह उन लोगों के लिए राहत की बात है जो अब तक वेबसाइट के जरिए आठवें वेतन आयोग के सामने अपनी बात नहीं रख सके हैं। बता दें कि यह दूसरी बार है जब वेतन आयोग ने डेडलाइन बढ़ाई है। पहले आखिरी तारीख 31 मई तय साफ कर दिया है कि इसके बाद कोई और समय नहीं दिया जाएगा। बंगाल के हितधारकों के साथ बैठक का कार्यक्रम घोषित कर दिया है।

# यश बैंक से लेकर एसबीएफसी तक, 100 से कम के 3 शेयर करा सकते हैं कमाई, निवेशकों के लिए बड़ा मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार ने बीते सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और आखिरकार मार्केट गिरावट के साथ बंद हुई। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बिकवाली के दबाव के चलते प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे। शुक्रवार को निफ्टी 50 करीब 0.72 प्रतिशत गिरकर 23,547.75 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 0.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, बड़ी कंपनियों के शेयरों में दबाव देखने को मिला, लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में निवेशकों की रुचि बनी रही। मिडकैप इंडेक्स 0.54 प्रतिशत और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले सप्ताह में भी बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। चॉइस ब्रोकिंग के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुमीत बगाड़िया के अनुसार निफ्टी के चार्ट पर मंदी का संकेत देने वाला पैटर्न बन रहा है, जिससे निकट अवधि में दबाव बना रह सकता है। तकनीकी विश्लेषण के अनुसार निफ्टी के लिए 23,200 से 23,250 का स्तर महत्वपूर्ण सपोर्ट माना जा रहा है, जबकि 23,750 से 23,800 के बीच मजबूत रेजिस्टेंस मौजूद है। वहीं, बैंक निफ्टी की बात करें तो इस इंडेक्स में भी कमजोरी देखने को मिली। शुक्रवार को बैंक निफ्टी 614 अंकों से ज्यादा टूटकर 54,239 के स्तर पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बैंक निफ्टी 53,900



से 54,000 के सपोर्ट जोन को बनाए रखने में सफल रहता है, तो रिकवरी संभव है, अन्यथा बाजार में और दबाव देखने को मिल सकता है।

ऐसे माहौल में सुमीत बगाड़िया ने सोमवार 1 जून 2026 के लिए 100 से कम कीमत वाले तीन शेयरों पर दांव लगाने की सलाह दी है। उनका मानना है कि इन शेयरों में तकनीकी रूप से तेजी के संकेत दिखाई दे रहे हैं और निकट अवधि में अच्छा रिटर्न मिल सकता है। पहला शेयर यस बैंक है। बगाड़िया ने इस शेयर को 23.15 के स्तर पर खरीदने की सलाह दी है। उनका लक्ष्य 25 रखा गया है, जबकि जोखिम को सीमित रखने के लिए 22.25 का स्टॉप लॉस लगाने की सलाह दी गई है। बैंकिंग सेक्टर में सुधार की उम्मीद के बीच यह शेयर निवेशकों की नजर में बना हुआ है। दूसरा शेयर ढ्डस्न्नष्टढ्ढ है। इस शेयर को 68.53 के स्तर पर खरीदने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह शेयर 75 तक जा सकता है। इसके लिए 65 का स्टॉप लॉस निर्धारित किया गया है। हाल के दिनों में इस शेयर में अच्छी ट्रेडिंग गतिविधि देखने को मिली है। तीसरा और आखिरी शेयर फाइनेंस है। यह शेयर 94.30 के आसपास खरीदने की सलाह दी गई है। एक्सपर्ट का मानना है कि निकट अवधि में यह 103 तक पहुंच सकता है। इसके लिए 89.80 का स्टॉप लॉस सुझाया गया है।

# लाखों की कॉर्पोरेट जॉब छोड़कर महिला चला रही ऑटो, फिर भी नहीं पछतावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक महिला की स्टोरी सोशल मीडिया पर छाई हुई है। उन्होंने आईटी सेक्टर में लगभग एक दशक तक काम किया। अपना कॉर्पोरेट करियर छोड़कर अब वह ऑटो-रिक्शा चला रही हैं। उन्हें इसका जरा भी पछतावा नहीं है। उन्होंने कम तनावपूर्ण और ज्यादा संतोषजनक जिंदगी की तलाश में अपनी मर्जी से ऑटो-रिक्शा ड्राइवर बनने का फैसला किया है इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के मुताबिक, यह महिला पहले नौ साल तक आईटी मैनेजर के तौर पर काम करती थी। लेकिन, उन्हें अपनी लाखों की नौकरी से जुड़े दबाव और काम के मुश्किल शेड्यूल से जूझना पड़ता था। काम और निजी जिंदगी के बीच बेहतर संतुलन बनाने के लिए महिला ने फैसला किया। कॉर्पोरेट जगत छोड़कर अपना खुद का ऑटो-रिक्शा चलाने का मन बनाया। मकसद था कि वह अपनी शर्तों पर काम कर सकें और अपना शेड्यूल खुद तय करें।

महिला ने बताया कि अब वह



हर महीने लगभग 60,000 रुपये कमाती हैं। अपने पिछले पेशे के मुकाबले अब वह कहीं ज्यादा खुश हैं। इस महिला के साथ हुई अपनी बातचीत को शेयर करते हुए इंस्टाग्राम यूजर डॉ. नेजरीन मिथलाज ने लिखाः 'आज, मैं एक महिला ऑटो ड्राइवर से मिली। वह आत्मविश्वास से भरी, अच्छे कपड़े पहने हुए और अपनी जिंदगी से पूरी तरह संतुष्ट थी। जब मैंने उससे पूछा कि पुरुषों के दबदबे वाले इस क्षेत्र में काम करना कैसा लगता है तो उसका जवाब मेरे दिल में बस गया।' उन्होंने आगे लिखाः 'उसने बताया कि वह नौ साल तक आईटी मैनेजर थी। उसने वह सब कुछ पीछे छोड़ दिया- दबाव, तनाव और लगातार बनी रहने वाली टेंशन। अब, वह अपना खुद का ऑटो चलाती है। वह हर महीने लगभग 60,000 रुपये कमाती है। सबसे जरूरी बात, उसने कहा कि वह खुश है।' महिला की कहानी से लोग प्रभावित

इस महिला की कहानी ने सोशल मीडिया के कई यूजर्स को प्रभावित किया। उन्होंने एक पारंपरिक करियर के रास्ते के बजाय मन की शांति को प्राथमिकता देने के उसके फैसले की तारीफ की। एक यूजर ने कमेंट किया- 'वह एक सादी और खुशहाल जिंगदी चाहती हैं।

# कम उम्र में शादी और पति मिला शराबी, चंद पैसों से शुरू किया ऐसा काम कि आज 8,300 करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मीरा कुलकर्णी उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल से हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत और अपने टैलेंट के बूते 8,300 करोड़ रुपये का आयुर्वेदिक स्किनकेयर ब्रांड खड़ा किया है। इसका नाम 'फॉरेस्ट एसेंशियल्स' है। सिर्फ 2 लाख रुपये से मीरा ने इस कंपनी की शुरुआत की थी। आइए, यहां मीरा कुलकर्णी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। मीरा कुलकर्णी का जन्म ऐसे परिवार में हुआ था जो परंपराओं और संस्कृति को बहुत महत्व देता था। उन्होंने कम उम्र में ही शादी कर ली थी। इस उम्मीद में कि उनकी जिंदगी खुशहाल होगी।

हालांकि, उनके पति का कारोबार लड़खड़ाने लगा। पति की शराब की लत ने स्थिति को बद से बदतर बना दिया। आखिरकार, मीरा ने अपने पति से तलाक लेने का कठिन फैसला लिया। अपने बच्चों को अकेले (सिंगल मदर के तौर) ही पालने का चुनाव किया। उन सालों को याद करते हुए मीरा कुलकर्णी ने एक बार कहा था, 'मुझे अपनी जिंदगी बिल्कुल नए सिरे से शुरू करनी पड़ी। जरा भी अंदाजा नहीं था कि भविष्य में क्या होने वाला है।'

मीरा की पढ़ाई-लिखाई की बात करें तो उन्होंने चेन्नई के 'स्टेला मैरिस कॉलेज' से फाइन आर्ट्स में ग्रेजुएशन किया है। टिहरी गढ़वाल को भारत में आयुर्वेद का बड़ा केंद्र माना जाता है। ऐसे में वह



अपनी शुरुआती जिंदगी में ही आयुर्वेदिक लाइफस्टाइल से जुड़ गई थीं। आयुर्वेद में अपनी दिलचस्पी के चलते मीरा ने कई सालों तक वैद्यों और मॉडर्न बायोकेमिस्ट्स के साथ मिलकर कई तरह के प्रोडक्ट्स बनाने पर काम किया।

45 साल की उम्र में मीरा ने आयुर्वेद और नेचुरल ट्रीटमेंट के प्रति अपने प्रेम को कुछ ठोस रूप देने का फैसला किया। हाथ में सिर्फ 2 लाख रुपये की रकम लेकर उन्होंने साल 2000 में फॉरेस्ट एसेंशियल्स की नींव रखी। उनकी सोच एकदम साफ थी- ऐसे स्किनकेयर प्रोडक्ट तैयार करना जो आयुर्वेदिक परंपराओं पर आधारित हों। लेकिन, जिनकी पैकेजिंग मॉडर्न लक्जरी की तर्ज पर हो। मीरा ने बहुत छोटे स्तर से शुरुआत की। अपनी रसोई में ही हाथ से बने साबुन और तेलों के साथ प्रयोग किए। ये प्रोडक्ट बहुत जल्द ही उन ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हो गए, जो प्रामाणिकता और गुणवत्ता को महत्व देते थे।

उनके लिए एक बड़ा मौका तब आया, जब 'हयात रीजेंसी' होटल ग्रुप ने अपने होटलों के लिए उन साबुनों का ऑर्डर दिया। साथ ही यह भी चाहा कि उनके कमरों में सिर्फ 'फॉरेस्ट एसेंशियल्स' के ही साबुन रखे जाएं। धीरे-धीरे, लेकिन लगातार कंपनी को बड़े होटल ग्रुप से ऑर्डर मिलने लगे। उनके दूसरे प्रोडक्ट्स की बिक्री भी तेजी से बढ़ने लगी। उस छोटी सी शुरुआत से कंपनी लगातार आगे बढ़ती गई। मीरा ने उत्पादों की शुद्धता, पारंपरिक फॉर्मूलों और आकर्षक प्रजेंटेशन पर खास ध्यान दिया। इसने भीड़-भाड़ वाले बाजार में उनके ब्रांड को एक अलग पहचान दिलाई। उनकी लगन और मेहनत तब रंग लाई जब कंपनी पर अंतरराष्ट्रीय लक्जरी ब्रांड एस्टे लॉडर की नजर पड़ी। इसने मीरा की कंपनी में माइनॉरिटी स्टेक खरीद ली।

### अब हजारों करोड़ का साम्राज्य

आज, मीरा की कंपनी के भारत भर में 130 से भी ज्यादा स्टोर हैं। यह ब्रांड 120 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का एक्सपोर्ट करता है। इसकी प्रोडक्ट कैटेगरी में स्किनकेयर, हेयरकेयर, बॉडी केयर और वेलनेस से जुड़ी चीजें शामिल हैं। इन सभी को आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर ही तैयार किया जाता है। इस ब्रांड का सालाना रेवेन्यू लगभग 432 करोड़ रुपये है। इसका वैल्यूएशन बढ़कर 8,300 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। मीरा की इस सफलता ने उन्हें भारत की सबसे अमीर महिला उद्यमियों में से एक बना दिया है।

'फॉरेस्ट एसेंशियल्स' भारत के ज्यादा बड़े और लग्जरी होटल ग्रुप्स की मुख्य सप्लायर भी है। इनमें मशहूर 'ताज ग्रुप ऑफ होटल्स' और 'द ओबेरॉय होटल्स' भी शामिल हैं। मीरा कुलकर्णी की निजी नेट वर्थ लगभग 1,290 करोड़ रुपये आंकी गई है। आंकड़ों से परे उनकी असली विरासत भारत में सुंदरता के पैमानों को नए सिरे से परिभाषित करने में है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि आयुर्वेद जैसी हमारी अपनी पारंपरिक ज्ञान प्रणालियां, अगर पूरी ईमानदारी और नएपन के साथ पेश की जाएं।

# टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड दे रही मुफ्त का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी ट्रेंट लिमिटेड ने पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर देने का फैसला किया है। कंपनी इसी हफ्ते एक्स-बोनस ट्रेड कर रहने जा रही है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी की तरफ से 2 शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया जाएगा। ट्रेंट लिमिटेड ने अपने पोजीशनल निवेशकों को 10 साल में 2285 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बता दें, कंपनी एक्स-डिविडेंड भी अगले 15 दिन के अंदर ट्रेड करने वाली है। शेयर बाजारों को दी जानकारी में इस कंपनी ने बताया है कि 2 शेयर पर शेयर बोनस के तौर पर योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 4 जून 2026 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी जिन निवेशकों का नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में इस दिन रहेगा उन्हें दो शेयर पर 1 शेयर का लाभ होगा। डिविडेंड भी दे रही है कंपनी इस कंपनी ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है। ट्रेंट लिमिटेड ने बताया है कि 1 शेयर पर योग्य निवेशकों को 6 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए भी रिकॉर्ड डेट घोषित है। कंपनी शेयर बाजारों में 12 जून को एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेगी।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन पिछले एक साल में कैसा:** शुक्रवार को बाजार के बंद होने के समय पर ट्रेंट लिमिटेड के शेयर बीएसई में 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4230 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। पिछले तीन महीन के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 8.47 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। बता दें, एक साल में ट्रेंट लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 25 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है।

## बाघ कर खुसी



रामदेव बड़ाईक, रांची

बनक बाघ जाय रहैं,
निज सोसराइर,
देवैं बाघ सार हर के, नित अगम
गाइर।

गारी सुइन सियार कर,
गोस्सा भेलक तेज,
कहलैं आयो हर के , दीदी के
तोंय भेज।

भेलैं दीदी पिंध-ओइढ़ के ,
जाय ले तैयार,
देलैं बाघ सार हर के,गिन रुपिया
हजार।

# पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा में श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में उमड़लयं भक्त

**5 हजार से बेसी सरधालुमन करलयं दरसन**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** पुंदाग कर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा कर परब सरधा, भक्ति आउर उल्लास कर संगे मनाल गेलक। ई अवसर में मंदिर में श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद कर आयोजन करल गेलक। पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा में श्री राधा रानी कर बिसेस आउर अलौकिक सिंगार करल गेलक। उनके दिब्य आउर आकरसक आभूसन से अलंकृत कइर के मनोहारी स्वरूप परदान करल गेलक, जेकर दरसन ले सरधालुमन कर लंबा पांइत ठड़ा रहे।

दूपहर में मंदिर कर पुजारी अरविंद कुमार पांडेय बिधिवत पूजा-अर्चना आउर मंत्रोच्चार कर संगे महापरसाद कर भोग अर्पित करलयं। इकर बाद सरधालुमन कर बीच महापरसाद कर बितरन सुरु भेलक। महापरसाद में मसालेदार भेजिटेबल खिचड़ी, बोतल बंद आम रस, सीतल जल आउर आलू चिप्स बांटल गेलक। मंदिर परिसर में आवल लगभग दू हजार से बेसी सरधालुमन महापरसाद गरहन करलयं। कार्जकरम में ट्रस्ट कर भजन गायकमन भगवान श्री श्याम आउर श्री राधा-कृष्ण कर महिमा उपरे आधारित सुमधुर आउर मनमोहक भजन कर प्रस्तुति देलयं। भजन-संध्या कर बाद सउब सरधालुमन सामूहिक रूप से महाआरती में भाग लेलयं। ई अवसर में डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, अरविंद अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, सुरेश भगत, संजय सर्राफ संगे बड़ संख्या में सरधालु आउर ट्रस्ट सदस्य पहुंचल रहयं।







# अग्रसेन भवन में चलेक वाला तीन दिनक समर कैंप कर समापन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित तीन दिनक समर कैंप कर समापन एतवार के होए गेलक। कैंप कर आयोजन अग्रसेन भवन में करल जात रहे। इकर में साबिर हुसैन, सुबोध कुमार, पाजेब कर दीपक सिन्हा कर संगे नंददुलाल दत्ता आउर सुनील किस्पोट्टा बिसेसगय कर तौर में सामिल होलयं। बिसेस आर्टवर्क सिखायेक वाला साबिर हुसैन कैंप में अंब्रेला पेंटिंग आउर बंदिनी आर्ट कर बेसिक जानकारी छउवामन के देलयं। सुबोध कुमार एआई आउर पर्सनालिटी डेवलपमेंट आउर टाइम मैनेजमेंट से परिचय करालयं। दीपक सिन्हा ने फिलमी संगीत में सहज नृत्य कर परसिछ्न देलयं। नंददुलाल दत्ता सूर्य नमस्कार आउर जुम्बा करालयं। सुनील किस्पोट्टा सेल्फ डिफेंस कर प्रारंभिक जानकारी देलयं। छोट छउवामन के मनीष कमल चित्र बनायेक ले प्रेरित करलयं। मीतू विजयवर्गीय कर संगे छउवामन नृत्य कर ताल में झुइम उठलयं। उषा विजयवर्गीय छोट-छोट क्राफ्ट बनाय के छउवामन के खुस कइर देलयं।

समापन कर अवसर में छउवामन के बेस आचरन आउर परसिछ्न ले सर्टिफिकेट देइ के उनकर उत्साह बढ़ाल गेलक। ई अवसर में सभा कर अध्यछ प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यछ मनोज चौधरी कर संगे अन्य पदाधिकारी भी पहुंचल रहयं। संयोजक रूपा अग्रवाल कर नेतृत्व में महिला समिति कर सउब महिलामन तीनों दिन लागल रहयं। ई जानकारी रीना सुरेका, रीता केडिया आउर मंजू केडिया देलयं।





## बदरी उड़त चरई



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

बदरी उड़त चरई खोजे
जंगले गांव - गिरांव,
हेराय गेलक कहां अपन
सुतेक बइठेक रहेक ठांव।

सगरे धुर -धुर -बालु उड़े
हरियर लहलह खेत कने
कुइंया,

तन झोलाल परान पियासल
भरल नदी सुइखे कय धांव।

लागे चोट माया बाझले
धरतिये नाता जोड़ाल,
नील गगन कर लोभे
उखड़ल जमीन से पांव।

रूइक -रूइक के सोचे मन
जाउ काहां कोन सरन,
सवक पुरा करेक रहे
चाहे लाखो होइ जाय दाम,
सउब कुछ लुटाय गेलक
आब उलटा पड़लक दांव।

बदरी उड़त चरई खोजे
जंगले गांव - गिरांव,
हेराय गेलक कहां अपन
सुतेक बइठेक रहेक ठांव।
*_*_*_*_*_*_*

## वोट देवे चला



डॉ लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, (तपकरा)



चला रे..... चला रे.... चला
रे....
चला रे भाई बहिन
वोट देवे चला रे
छोइड़ चला सभे काम
वोट आपन डाला रे
चला रे भाई बहिन....।। ध्रु।।

देखत रही आसरा
दिन महीना साल।
उमर भेलक जेकर देखा
अठारह साल।
कोई नहीं छुटे दईया
लगाय चला ताला रे
चला रे भाई बहिन....।। 1।।

देश हामर प्रजातंत्र
आपन अधिकार।
वोट देके बनाय देवब
आपन सरकार।
विकास के धारा बही
बनी सुंदर माला रे
चला रे भाई बहिन.....।। 2।।

जाईत धरम सभे छोड़ी
बना हिन्दुस्तानी।
आपन चुनब सरकार
लिखब कहानी।
देश हिते *नारायण*
कहंय वोट डाला रे
चला रे भाई बहिन..... ।। 3।।

# रामगढ़ चेंबर में कैंसर जागरुकता सेमिनार, बेरा से जांच आउर स्वस्थ जीवनसइली अपनायेक उपरे जोर

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कर सभागार में एतवार के कैंसर जैसन गंभीर बीमारी कर प्रति जनता के जागरूक करेक कर उद्देस से एगो बिसेस सेमिनार कर आयोजन करल गेलक, जेकर में चिकित्सक, जनप्रतिनिधि आउर सामाजिक कार्जकर्तामन कैंसर कर कारन, बचाव कर उपाय, बेरा से जांच आउर उपचार कर महत उपरे बिस्तार से चर्चा करलयं।

सेमिनार में मुध गोतिया कर रूप में बिधायक ममता देवी पहुंचल रहयं। रांची कर बरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतीश शर्मा आउर नगर परिसद कर उपाध्यछ रणधीर गुप्ता बिसिस्ट गोतिया कर रूप में सामिल होलयं। कार्जकरम कर संचालन रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स कर पूर्ब अध्यछ पंकज प्रसाद तिवारी करलयं। धन्यवाद सांसद प्रतिनिधि आउर सामाजिक कार्जकर्ता धनंजय कुमार पुटूस करलयं। ई अवसर में बिधायक ममता देवी कहलयं कि आधुनिक जीवनसइली, असंतुलित खानपान आउर नसा कर बढ़त प्रवृत्ति कई गंभीर बेमारी के जनम देवेला। ऊ सउब से स्वस्थ जीवनसइली अपनायेक, नियमित बयायाम करेक आउर तंबाकू आउर अन्य नसीला पदार्थ से दूर ररेक कर अपील करलयं। ऊ कहलयं कि कैंसर कर प्रति जागरुकता इकर से बचाव कर सउब से परभावी माध्यम आहे। ममता देवी कहलयं कि कैंसर केऊ लाइलाज बेमारी नखे। जदि इकर समय से पहचान होए जाए आउर उचित उपचार मिइल जाई तो रोगी सामान्य जिनगी जीइ सकेला। ऊ सउब से नियमित स्वास्थ्य जांच करुवायेक आउर केऊ भी किसिम कर लक्छन के नजरअंदाज नी करेक कर सलाह देलयं।

रांची से आवल बरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतीश शर्मा कैंसर रोगीमन ले केंद्र और राइज सरकार द्वारा संचालित बिभिन्न स्वास्थ्य जोजना कर जानकारी देलयं। ऊ कहलयं कि सरकार कर कई जोजना आर्थिक रूप से कमजोर मरीज के उपचार उपलब्ध करुवायेक में मदइत करत हयं। सेले सउब अदमी के ई जोजना कर जानकारी राखेक चाही आउर जरूरत पड़ेक पर उनकर लाभ उठायेक चाही। डॉ. शर्मा कैंसर कर सुरुआती लछन, आधुनिक जांच पद्धति आउर उपचार कर उपलब्ध सुबिधा उपरे बिस्तार से परकास डाललयं। उ बतालयं कि बेरा से जांच आउर सही उपचार से कैंसर कर कई मामला में बेहतर परिनाम प्राप्त करल जाए सकेला। ऊ सउब के नियमित स्वास्थ्य परीछन करुवायेक आउर चिकित्सकीय सलाह लेवेक कर अपील करलयं। कार्जकरम में रामगढ़ चेंबर कर अध्यछ मनजीत साहनी, सेवा ट्रस्ट कर अध्यछ विष्णु पोद्दार, सचिव प्रदीप गुप्ता, सदस्य अनिल गुप्ता, चेंबर उपाध्यक्ष अमरेश गणक, सहसचिव इंद्रपाल सिंह सैनी, पूर्ब अध्यछ अनूप कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य मुरारी अग्रवाल, विनोद गर्ग संगे नगर परिषद कर कई वार्ड पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता आउर सहर कर गनमान्य नागरिक पहुंचल रहयं।





मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर :** शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड :** कुमार राजेश। **फोन नंबर :** 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी :** jharkhandwanitaudyog@gmail.com